
अवधपुरी प्रभु आवत जानी। भई सकल सोभा कै खानी॥
बहइ सुहावन त्रिबिध समीरा। भइ सरजू अति निर्मल नीरा॥
॥ श्रीराम ॥
495 वर्षों के संघर्षों के बाद अयोध्या में प्रभु श्री राम के दिव्य व भव्य श्री रामलला मन्दिर में आयोजित
प्राण प्रतिष्ठा समारोह
के पावन अवसर पर देश के यशस्वी प्रधानमंत्री
मा. नरेन्द्र मोदी जी का
हार्दिक स्वागत वन्दन एवं अभिनन्दन
प्रभु श्री राम मन्दिर, श्री अयोध्या जी
वेद प्रकाश गुप्ता
विधायक - अयोध्या धाम
इस पुनीत कार्य के लिए अयोध्या धाम के समस्त पूज्य संत- महंतो एवं अयोध्या वासियों के द्वारा
मा. प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी एवं मा. मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी का हार्दिक अभिनन्दन एवं आभार
AYODHYA


मा.प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में अयोध्या भव्य राममंदिर में
भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा समारोह
में पधार रहे सभी श्रद्धालुओं का
हार्दिक स्वागत वन्दन एवं अभिनन्दन
डॉ. संजय मयुख जी
राष्ट्रीय मीडिया सहप्रभारी
एवं राष्ट्रीय प्रवक्ता (भाजपा)
मा.ए.के.शर्मा जी
मंत्री-नगर विकास एवं उर्जा
उत्तर प्रदेश सरकार
अमित दूबे
अधिवक्ता
हाईकोर्ट(लखनऊ)
अभिषेक दूबे
एडवोकेट
शोभनाथ दूबे(पप्पू)
प्रेम कुमार
अखिलेश दूबे
अधिवक्ता
सुप्रीम कोर्ट(दिल्ली)
निवेदक-के.आर.सी.पब्लिक स्कूल अरकुना,रौनाही(टोल प्लाजा)सोहावल-अयोध्या


श्रीरामलला के प्राण प्रतिष्ठा
समारोह के अवसर पर
आप सभी को हार्दिक बधाई


राम मंदिर
भव्य उद्घाटन समारोह
22 जनवरी 2024
आप सभी देशवासियों को
राम मंदिर का भव्य अभिषेक
एवं प्राण प्रतिष्ठा शुभारंभ
की हार्दिक बधाई एवं ढेर सारी
शुभकामनाएं
घनश्याम सिंह लोधी
सांसद, रामपुर







# रामपुर का भाजपा कार्यालय भी प्रदेश में नम्बर वन




रामपुर में भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में राम नाम की गूंज है। जिलाध्यक्ष हंसराज पप्पू और भाजपा पदाधिकारियों ने कार्यालय में सुंदर काण्ड का पाठ भी कराया जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। भाजपा कार्यालय को रंग-बिरंगी रोशनी से भी सजाया गया है। गेट पर लगी फ्लैक्स भी इसकी खूबसूरती में चार-चांद लगा रही है। इसके ऊपर लगा भाजपा का चुनाव निशान कमल का फूल दूर से ही नजर आ रहा है। कार्यालय के अंदर रंगाई-पुताई के साथ भी मेज-कुर्सी, टाइल्स, एलईडी की भी व्यवस्था की गई है। कार्यालय के चारों तरफ नयी चमचमाती टाइल्स लगाई गई हैं। इससे सड़कें भी खूबसूरत लग रही हैं। कार्यालय में ही लोगों की सेवा के लिए कॉल सेन्टर भी बनाया गया है, जिसमें 30 युवक-युवतियां काम कर रहे हैं। इस तरह कार्यालय को चमकने और उसके आसपास की सड़कों



को नया कराने में 50 लाख से अधिक खर्च हो गया है। जिलाध्यक्ष ने बताया कि भाजपा कार्यालय के लिए नयी बुलेरो उपलब्ध करायी गयी है। यह सब जन सहयोग से किया जा रहा है रामपुर प्रदेश का जिला कार्यालय है जिसमें गाड़ी की व्यवस्था करायी गयी है। इस गाड़ी का रजिस्ट्रेशन भी पार्टी कार्यालय के नाम होगा।

## ‘अमृत विचार’ आपके साथ

आप हमें भेजना चाहते हैं कोई जानकारी या प्रकाशित कराना चाहते हैं कोई समस्या तो व्हाट्सएप करें 7535080677 या amritvichar.rampur@gmail.com पर हमें ई-मेल करें। हम आपकी बात को आपके नाम के साथ प्रकाशित करेंगे। कार्यक्रमों की सूचना भी भेज सकते हैं। अमृत विचार कार्यालय, जिला पंचायत भवन प्रथम तल रामपुर उ.प्र.

## शहर में आज

☞ अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर मंदिरों में पूजा-अर्चना सुबह 7 बजे।

☞ भाकियू भानु गुट की पंचायत आंबेडकर पार्क में दोपहर 1:30 बजे।


## एक नजर

### कार्यकर्ताओं ने किया राष्ट्रीय प्रचारक का स्वागत

**रामपुर, अमृत विचार :** विश्व हिन्दू महासंघ की बैठक सिविल लाइन स्थित कार्यालय पर हुई। इसमें संजय नंद महाराज श्री महाकालेश्वर धाम सिद्धपीठ एवं उनके साथ विनोद महाराज को गोरक्षा प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष बनाए जाने पर बधाई दी। इसके साथ ही रामपुर पधारने पर राष्टीय प्रचारक अनिल नाथ का कार्यकर्ताओं ने पनवड़िया चौराहे पर जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान उन्होंने संगठन की मजबूती पर जोर दिया। स्वागत करने वालों में संतोष सिंह चौहान, जिला महामंत्री सत्यप्रकाश प्रजापति, विष्णु सिंह रावत, रोशनलाल सिंह, जसविंदर सिंह, ऊदल सिंह आदि मौजूद रहे।

### घरेलू कलह के चलते युवक ने खाया जहर

**रामपुर, अमृत विचार :** घरेलू कलह के चलते युवक ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। बेहोशी की हालत में परिजनों ने उसको अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसका उपचार चल रहा है। सिविल लाइन निवासी युवक का अपने परिजनों से किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। विवाद बढ़ने पर उसने गुस्से में आकर जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया था। हालत बिगड़ने पर परिजनों के होश उड़ गए। उससे आनन-फानन में पास के ही अस्पताल ले गए। जहां उसका उपचार कराया गया।



रंग-बिरंगी लाइटों से सजा श्री हरि मंदिर। ● अमृत विचार



अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के उल्लास में देर रात सजा शहर का सराफा बाजार। ● अमृत विचार

### अयोध्या में भगवान श्रीराम के नव विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर लोगों में उत्साह

# रंग-बिरंगी लाइटों से सजा शहर, बढ़ी आस्था

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** अयोध्या में सोमवार को भगवान श्रीराम को विराजमान किया जाएगा। इसे लेकर शहर पूरी तरह दुल्हन की तरह सजाया गया है। चारों ओर से शहर भगवा रंग में रंग गया है। लाइटें जल रही हैं और रामधुन बज रही है।

अयोध्या में 500 साल के बाद सोमवार को भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। इसे लेकर काफी समय से नगर में तैयारियां चल रही थीं। पूरे शहर को दुल्हन की तरह सजाया गया है। रविवार को पूरे दिन हर स्थान पर भगवा रंग के बैनर लगते रहे। मंदिरों पर साफ-सफाई का काम चला। इसके बाद मंदिरों पर झालरें लगाई गईं। सड़कों पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। देर शाम तक पूरे शहर को सजा दिया गया। शाम को शहर रंग-बिरंगी लाइटों से नहा गया। हर चौराहे पर भगवान श्रीराम के होर्डिंग्स लगाए गए हैं।



मंदिर में पूजा-अर्चना करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

### लोगों को दिखाया जाएगा अयोध्या से सजीव प्रसारण

भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा को आज अयोध्या से लाइव दिखाया जाएगा। इसको लेकर मंदिरों और मुख्य चौराहों पर एलसीडी लगाई जा रही हैं। ताकि लोग आसानी से उनकी प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम देख सकें। मंदिरों में साफ-सफाई का काम भी चल रहा है। जिलाध्यक्ष हंसराज पप्पू और भाजपा के मीडिया प्रभारी ने रविवार को मंदिर में स्वच्छता अभियान चलाया और सोमवार को लोगों से दीपोत्सव मनाने की अपील की।

### घरों में जलाए जाएंगे दीये

दिवाली की तरह इस पर्व को मनाया जाएगा। लोग घरों में दीये जलाने के लिए उनकी खरीदारी कर रहे है। इसके अलावा आतिशबाजी भी की जाएगी। लोग इस दिन का 500 वर्षों से इंतजार कर रहे थे। सुरक्षा के लिहाज से पुलिस बल भी तैनात रहेगा। ताकि किसी प्रकार का कोई बवाल न



मंदिर की साफ-सफाई करते भाजपा जिलाध्यक्ष। ● अमृत विचार




राहे मुर्तजा मार्ग पर हुई सजावट। ● अमृत विचार

### भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने नगर में चलाया स्वच्छता अभियान

**रामपुर,अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी के स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत जिला अध्यक्ष हंसराज पप्पू के नेतृत्व में आवास विकास स्थित शिव मंदिर में पार्टी पदाधिकारियों द्वारा मंदिर के अंदर धुलाई एवं सफाई की। इसी प्रकार मंदिर के बाहर दीवार पर धुलाई-सफाई की गई। मंदिर के बाहर की सड़क पर धुलाई एवं झाड़ू लगाई गई। इसके बाबा साहब भीमराव आंबेडकर एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा एवं मूर्ति स्थल को अच्छी तरह धोकर सफाई की। जिलाध्यक्ष ने कहा कि हम सभी को अपने जीवन में स्वच्छता को अपनाना चाहिए। आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने का प्रयास करना है एवं हमारे पूजा स्थलों पर विशेष रूप से स्वच्छता का ध्यान रखना है। इस स्वच्छता अभियान में उनके साथ राजीव मांगलिक, मोहन लोधी, सभासद राजू शर्मा, कपिल गुप्ता, अभिषेक सक्सेना, किशन भाटिया, करन अरोरा आदि सहयोगी रहे।

### श्री राम की निकली सवारी भजन पर झूमे भक्त

**शाहबाद, अमृत विचार :** अयोध्या में 22 जनवरी को नवनिर्मित मंदिर में श्री रामलला के विग्रह प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में नगर में शोभा यात्रा निकाली गई। इस दौरान राम जी की निकली सवारी सरीखे गानों पर राम भक्त जमकर झूमे। यात्रा में शामिल रामभक्तों पर जगह-जगह फूल बरसाए गए। प्रसाद वितरण भी किया गया। रविवार को जय श्रीराम के उद्घोष से समूचा इलाका राममय हो गया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, विश्व हिन्दू परिषद्, उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल एवं अन्य हिन्दू संगठनों के तत्वधान में रामलीला मैदान से शोभायात्रा का आगाज हुआ। शोभायात्रा मुख्य मार्केट से बजरंग चौक, कसाई चौक, रामपुर चौराहा, ढकिया अड्डा, बिलारी अड्डे के मार्ग से नगर का भ्रमण करते हुए रामलीला मैदान में आकर संपन्न हुई।



शोभायात्रा में शामिल भाजपा जिलाध्यक्ष हंसराज पप्पू व अन्य।

### यह लोग रहे शोभायात्रा में शामिल

भाजपा जिलाध्यक्ष हंसराज पप्पू, पूर्व ब्लॉक प्रमुख जगपाल सिंह यादव, व्यापारी नेता महेश कुमार गुप्ता, भूमि विकास बैंक के चेयरमैन केपी सिंह भी अपनी टीम के साथ शोभायात्रा में शामिल हुए। इस मौके पर आरएसएस के तहसील प्रचारक सतपाल सिंह, वेदप्रकाश चंद्रवंशी, अमित चंद्रवंशी, केशव गुप्ता, प्रवीण शर्मा, बार अध्यक्ष रामौतार सिंह यादव, सुरेश बाबू, उमेश बाबू रस्तोगी, सुधांशु गुप्ता, विवेक पाण्डेय, मनोज भारद्वाज, रोहित कुमार, भजपा नगर अध्यक्ष सुमित भटनागर, बंशीधर, अभिषेक सिंह, व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष राकेश माली, महामंत्री लाखन बरनवाल, अनुभव शर्मा, पीयूष गुप्ता, शुभम अग्रवाल, महेश चंद्रवंशी, सौरभ रस्तोगी, रवि गोला, जितेंद्र माली, शिवम बजरंगी, संजीव राणा आदि रहे।



शोभायात्रा में शामिल महिलाएं। ● अमृत विचार

# जय श्रीराम के उद्घोष से भगवामय हुआ शहर

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व शहर भगवामय हो गया। नगर की फिजा में जय श्री राम के उद्घोष की गूंज रही। भजनों से श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। शहर विधायक आकाश सक्सेना ने राम रथ यात्रा का आगाज किया। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का संकल्प है कि राम राज्य की स्थापना हो और यह कार्य होकर रहेगा।

रविवार को मुख्य अतिथि शहर विधायक आकाश सक्सेना नवाब गेट पहुंचे। यहां बाला जी शोभायात्रा के तत्वाधान में निकाली जा रही राम रथ यात्रा का शुभारंभ भगवान श्री राम के पूजन से किया। इसके बाद श्रद्धालु जय श्री राम का उद्घोष करते हुए आगे बढ़ते गए। हाथों में भगवा ध्वज, माथे पर तिलक और श्रद्धालुओं के गले में पड़ा जय श्री राम का पटका रथ यात्रा की शोभा बढ़ा रहा था। जगह-जगह पुष्पवर्षा कर रथ यात्रा का स्वागत किया गया। सामाजिक कार्यकर्ता जगह-जगह भक्तों की सेवा करते नजर आए। भगवान राम के भजन और बैंड की धुन ने श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। रथ यात्रा राजद्वारा, मिस्टन गंज होते हुए अग्रवाल धर्मशाला पर संपन्न हुई। इस मौके पर शहर विधायक ने कहा कि राम राज्य का संकल्प प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लिया है। उन्होंने कहा कि प्राण प्रतिष्ठा को विश्व दीवाली के रूप में मना रहा है। ऐसे में रामपुर के लोग कैसे पीछे रहते। पूरा शहर भगवा कपड़े, रंग बिरंगी लाइटों और झंडों से सजा दिया है। आवास विकास में तो भगवा द्वार बनाए हैं, जिससे शहर की शोभा बढ़ गई है। उन्होंने विश्व कल्याण की कामना करते हुए कहा कि राम मंदिर संपूर्ण विश्व के लिए एकजुटता, धर्म, कर्तव्य, आदर्शों पर चलने का प्रतीक बनेगा। इस अवसर पर सैकड़ों रामभक्त मौजूद रहे।



बाला जी की शोभायात्रा में मौजूद विधायक आकाश सक्सेना व अन्य। ● अमृत विचार

### कार की चपेट में आकर बाइक सवार घायल

**रामपुर, अमृत विचार :** मालगोदाम के पास कार की चपेट में आकर बाइक सवार घायल हो गया। हादसे के बाद आसपास के लोग मौके पर आ गए। घायल को पास के ही अस्पताल में भर्ती कराया गया।

सिविल लाइन निवासी रोहित बाइक से किसी काम से मिलक जा रहा था। मालगोदाम के पास कार चालक ने बाइक सवार को टक्कर मारकर घायल कर दिया। हादसे के बाद आसपास के लोगों को आता देखकर आरोपी कार चालक मौका पाकर फरार हो गया। लोगों ने घायल को पास के ही अस्पताल में भर्ती कराया। हादसे के बाद काफी देर तक अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। सूचना के बाद पुलिस भी आ गई।

# कैबिनेट मंत्री ने मंदिर में किया जलाभिषेक

शाहबाद, संवाददाता

**अमृत विचार :** श्री राम मंदिर आंदोलन के दौरान जेल जाने वाले स्वयंसेवकों को कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह लोधी एवं क्षेत्रीय विधायक राजबाला सिंह ने शॉल ओढ़ाकर कर सम्मानित किया।

रविवार को कैबिनेट मंत्री, विधायक राजबाला सिंह और भाजपा जिला अध्यक्ष हंसराज पप्पू शाहबाद के लक्खी बाग शिव मंदिर पर पहुंचे। भगवान शिव का जलाभिषेक करने के बाद उन्होंने वहां वाइपर थाम कर सफाई की। इसके बाद शॉल ओढ़ाकर कार सेवकों का सम्मान किया। यहां से वह सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज पहुंचे और निर्माण का जायजा लिया। इस मौके पर एसडीएम सुनील कुमार, सीओ अतुल पाण्डेय, पूर्व विधायक काशीराम दिवाकर, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष जगपाल सिंह यादव, वरिष्ठ भाजपा नेता दिलीप सिंह लोधी, एमएलसी प्रतिनिधि महेश गुप्ता, कॉलेज के अध्यक्ष प्रवीण शर्मा, बार अध्यक्ष रामौतार सिंह यादव, डा. कौशलेंद्र प्रताप सिंह, विवेक पांडेय, वेद प्रकाश चंद्रवंशी, भाजपा मंडल अध्यक्ष महेश चंद्रवंशी व नरेंद्र ठाकुर, डा. अनुज राठौर आदि मौजूद रहे।



लक्खी बाग शिव मंदिर में सफाई करते मंत्री, विधायक व जिलाध्यक्ष। ● अमृत विचार

आस्था

### जगह-जगह पुष्पवर्षा से किया गया श्रीराम यात्रा स्वागत, पुलिस बल रहा तैनात

# बिलासपुर में जयकारों के बीच रामभक्तों ने निकाली यात्रा

संवाददाता, बिलासपुर

**अमृत विचार :** अयोध्या में श्रीराम मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के उपलक्ष्य में रविवार को नगर में रामभक्तों ने श्रीराम यात्रा निकाली। इसका नागरिकों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा से स्वागत किया।

रविवार दोपहर डाम कॉलोनी स्थित ब्रह्मदत्त सरस्वती सीनियर सेकेंडरी स्कूल में रामभक्त एकत्र हुए। इसके बाद धर्मगुरूओं ने श्रीराम यात्रा का दीप प्रज्ज्वलित किया। इसके बाद शंख बजाकर यात्रा को विधि-विधान से रवाना किया गया। यात्रा में शामिल भगवा वस्त्र पहने रामभक्त हाथों में धार्मिक ध्वज थामे सबसे आगे नजर आए। उनके पीछे भगवान श्रीराम, लक्ष्मण, सीता व हनुमान के स्वरूप रथ पर विराजमान थे। इनके सारथी विहिप नगराध्यक्ष अनिल मदान थे। यह यात्रा डाम कॉलोनी से प्रारंभ होकर पुरानी सब्जी मंडी रोड, सिनेमा रोड, पुरानी रामलीला रोड, साहूकारा, काली माता मंदिर होती ही पंजाबी कॉलोनी, पोस्ट ऑफिस रोड, शिव बाग मंडी रोड, माठखेड़ा रोड, मुख्य चौराहा, नैनीताल रोड होती हुई वापस विद्यालय पहुंचकर सम्पन्न हुई। नगर भ्रमण के दौरान नागरिकों ने यात्रा का जगह-जगह पुष्पवर्षा से स्वागत किया। इस मौके पर ब्लाक प्रमुख कुलवंत सिंह औलख, पंडित राम मनोहर पाठक, पंडित महेश शर्मा, श्रेया मदान, परमजीत कौर पोला, रीतु कुमारी, आंचल गुप्ता, साधना सूजी, डा. बलविंदर, श्यामल मिर्धा, अशोक गुप्ता, अरविंदर सिंह चीमा, राजीव अग्रवाल, अनिल मदान, अंशुल अग्रवाल, चेतन परूथी, राजीव एडवोकेट, प्रेम नरेश वाल्मीकि, धन्नूमल बंसल, सुदर्शन मदान, दुष्यंत अग्रवाल, सौरभ सक्सेना एडवोकेट आदि मौजूद रहे।



श्रीराम यात्रा में दीप जलाते पुजारी। ● अमृत विचार



श्रीराम यात्रा में शामिल महिलाएं। ● अमृत विचार

### नमाज पढ़ने जा रहे ग्रामीण को पीटा, रिपोर्ट

**रामपुर, अमृत विचार :** नमाज को जा रहे ग्रामीण को पीटकर घायल कर दिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने तीन लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

मिलक थाना क्षेत्र के गांव दुगनपुर निवासी फारुख अहमद का कहना का है कि कुछ दिन पहले उसके पिता नमाज पढ़ने के लिए गए थे। वहां पहले से मौजूद आरोपी मुख्तयार और उसके साथियों ने पहले तो उनके साथ गाली-गलौज की। जब उनके पिता ने गाली गलौज का विरोध किया तो उन्हें इन लोगों नें पीट दिया था। उनके पिता के शोर मचाने पर आसपास के लोग आ गए थे। तब आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। बाद में उन्होंने थाने में तहरीर दी। जिसके आधार पर पुलिस ने आरोपी मुख्तयार, शौकत, रोशन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।



विधायक से मिलते कुमार तनय समाज के लोग। ● अमृत विचार

# अब स्टार चौराहे का नाम भगवान कार्तिकेय चौराहा

कार्यालय संवादाता, रामपुर

**अमृत विचार :** कुमार तनय समाज की मांग पर विधायक आकाश सक्सेना ने नगर के प्रमुख स्टार चौराहे का नाम कुमार तनय समाज के आराध्य भगवान कुमार कार्तिकेय चौक करने पर आभार व्यक्त किया।

कुमार तनय समाज के राष्ट्रीय संरक्षक श्रीष गुप्ता के नेतृत्व में समाज के बंधुओं ने विधायक के निवास पर शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया। शीघ्र ही एक बड़ा कार्यक्रम करके उनका सम्मान करने के लिए समय मांगा। भगवान कार्तिकेय भगवान शंकर के सुपुत्र हैं। देवताओं के सेनापति हैं। इस घोषणा से समाज में खुशी की लहर है। प्रतिनिधि मंडल में समाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजेंद्र कुमार सर्राफ, राजन गुप्ता, कुमार तनय वैश्य यूथ क्लब के अधयक्ष सुनीत गुप्ता, ज्ञान प्रकाश, आशु कुमार, राहुल गुप्ता, रविंदर कुमार, जितेंद्र गुप्ता आदि शामिल रहे।

## एक नजर

### दिनेश कुमार को फिर शाहबाद की कमान



**शाहबाद, अमृत विचार :** दिनेश कुमार को दोबारा शाहबाद का तहसीलदार बनाया गया है। वर्तमान में वह रामपुर के तहसीलदार (न्यायिक) पद पर तैनात थे। वहां से तबादला कर उन्हें शाहबाद की कमान सौंपी गई है। सोमवार को वह कार्यभार ग्रहण करेंगे। शाहबाद के तहसीलदार राकेश कुमार सोनी डिप्टी कलेक्टर के लिए पदोन्नत हो गए थे। इसके बाद शाहबाद तहसीलदार की कुर्सी खाली हो गई। शनिवार को डीएम ने राकेश सोनी से पहले शाहबाद के तहसीलदार रहे दिनेश कुमार को फिर से शाहबाद का तहसीलदार बना दिया है।

### जमीन के विवाद में युवक को पीटा, तहरीर

**रामपुर, अमृत विचार :** जमीन के विवाद में कुछ लोगों ने युवक को पीटकर घायल कर दिया। इस मामले में पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी है। गंज निवासी आलेहसन का कहना है कि उसके गांव के ही कई लोगों से उसकी काफी समय से जमीन को लेकर रंजिश चली आ रही है। शनिवार को रास्ते में रोककर उसके साथ गाली-गलौच करते हुए पीट दिया। इस मामले में पीड़ित ने तहरीर दी है।

# शहीद एक्सप्रेस रद होने से यात्री परेशान

## घने कोहरे में सड़कों पर रेंगे वाहन, दोपहर बाद निकली धूप, शाम होते ही फिर बढ़ी सर्दी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** रविवार को भी सर्दी का सितम जारी रहा। सर्दी और घने कोहरे से लोगों को काफी परेशानियां हुईं। सुबह को हाईवे पर वाहन रेंगते रहे। पूर्वाह्न 11 बजे तक कोहरा छाया रहा। इससे वाहन चालकों को परेशानियां हुई। इसके अलावा लोगों ने अलाव जलाकर सर्दी से बचने का जतन किया। कोहरे के कारण शहीद एक्सप्रेस रद होने से यात्रियों को परेशानी हो रही है।

जनवरी के मात्र 10 दिन शेष हैं। लेकिन सर्दी का सितम कम होने का नाम नहीं ले रहा है। रोजाना सर्दी बढ़ती जा रही है। रविवार को सुबह 11 बजे तक कोहरा छाया रहा। कड़ाके की सर्दी से बचने के लिए लोग दिनभर अलाव के सहारे बैठे रहे।

दोपहर के समय कुछ देर के लिए धूप निकली, लेकिन उससे भी लोगों को राहत नहीं मिली। शाम होते ही फिर से सर्दी बढ़ गई। परिजन बच्चों को घरों से बाहर नहीं निकलने दे रहे हैं। हालांकि शनिवार को मौसम काफी अच्छा हो गया था।

दोपहर में धूप निकलने के बाद लोगों को सर्दी से कुछ हद तक राहत मिल गई थी। सर्द हवा से बचने के लिए लोग घरों में दुबके रहे। बाजारों और गली-मुहल्लों में भी लोग जरूरी कामों से निकले।



कोहरे से होकर गुजरते लोग। ● अमृत विचार

▸▸ लोगों ने अलाव जलाकर सर्दी से निजात पाने का किया जतन



सर्दी से निजात पाने के लिए अलाव सेंकते लोग। ● अमृत विचार

### ट्रेनें भी कई घंटे देरी से चलीं

कोहरे के चलते ट्रेनें भी कई-कई घंटे देरी से चलीं। इसके चलते यात्री ट्रेनों के आने का इंतजार करते रहे। कोहरे का असर यातायात पर भी पड़ रहा है। ट्रेनें निर्धारित समय से काफी देर से आ रही हैं। रविवार को सियालदह-जम्मूतवी एक्सप्रेस सवा दो घंटे देरी से पहुंची। शहीद एक्सप्रेस काफी दिनों से रद चल रही है। इसके अलावा लालगढ़-डिब्रुगढ़ 40 मिनट देरी से पहुंची। ट्रेनों के इंतजार में यात्री परेशान रहे। बार-बार स्टेशन के चक्कर काटते रहे। इसके अलावा बसों में यात्री सफर कर रहे हैं। डग्गामार वाहनों को भी सवारियां नहीं मिल रही हैं।

### चला सफाई अभियान ईओ ने लिया जायजा

**रामपुर, अमृत विचार :** अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से पहले रविवार को सड़कों से प्रमुख चौराहों तक अभियान चलाया गया। जिलाधिकारी के निर्देश पर पालिका के अधिशासी अधिकारी ने सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने मुख्य खाद्य एवं सफाई निरीक्षकों को निर्देशित किया कि मंदिरों, मस्जिदों और प्रमुख चौराहों पर साफ सफाई बेहतर तरीके से की जाए।

रविवार को पालिका के 43 वार्डों में सफाई अभियान चलाया गया। मिस्टन गंज, राजद्वारा, स्टेट बैंक, गांधी समाधि, बीएसए आफिस, पुरानी आवास विकास गंगापुर, कचहरी रोड, फैमिली चौराहा, आंबेडकर, राम रहीम पुल, गुरूद्वारा रोड, मालगोदाम, ज्वालानगर, सीआरपीफ गेट, अजीतपुर, कृष्णा विहार, शाहबाद गेट, रोशन बाग, पुराना गंज, बिलासपुर गेट समेत तमाम क्षेत्रों में सफाई कर्मी दिनभर जुटे रहे। ईओ दुर्गेश त्रिपाठी ने बताया कि श्री राम के प्राण-प्रतिष्ठा दिवस के अवसर पर श्री रामोत्सव का आयोजन हो रहा है। इससे पहले सभी मंदिरों की अच्छी तरह साफ-सफाई कराई गई है।



जिलाध्यक्ष का स्वागत करते कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

# भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष का कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

संवाददाता, शाहबाद

**अमृत विचार :** भीम आर्मी भारत एकता मिशन ने नगर में एक बार फिर फेरबदल किया है। इस बार भीम आर्मी ने आजाद समाज पार्टी के जिला प्रभारी रहे शाहबाद के बंदार निवासी सुनील कुमार को जिलाध्यक्ष की कमान सौंपी है।

रविवार को शाहबाद आगमन पर बड़ा गांव में कार्यकर्ताओं ने फूल माला पहनाकर उनका स्वागत किया। सुनील सागर की युवाओं में पकड़ है, इसलिए उन्हें संगठन मजबूत करने की जिम्मेदारी सौंपी है। संगठन ने उम्मीद जताई है कि सुनील सागर के नेतृत्व में संगठन आगे बढ़ेगा। सुनील सागर के जिलाध्यक्ष बनने से युवाओं में खुशी की लहर है। इस दौरान सुनील ने संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद, विनय रतन सिंह, मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह वीरू भाई, मीडिया प्रभारी प्रभांक सिंघम, मंडल उपाध्यक्ष शिवम सागर के साथ अपनी टीम का आभार व्यक्त किया। विश्वास दिलाया की संगठन ने जो जिम्मेदारी उन्हें दी है, उसे वह पूरी ईमानदारी से निभाएंगे। संगठन में सभी को बराबर का सम्मान मिलेगा। इस मौके पर शिवओम सागर, राजू सरदार, बबलू जाटव, नवनीत कुमार सागर, मुकेश कुमार सागर, वीपी सिंह, विजय कुमार, दीपक सागर, सोमवीर सिंह, श्याम सिंह, बाबूराम, रिजवान अली आदि मौजूद रहे।



श्रीराम की पालकी में शामिल राम भक्त। ● अमृत विचार

# राम धुन के साथ निकाली राम लला की पालकी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** राम लला की पालकी सुबह 10 बजे हनुमान मंदिर में तैयार की गई। राम लला के बाल स्वरूप को विराजमान किया गया। पालकी सभी श्रद्धालुओं के बीच चल रही थी। साथ में राम नाम की धुन बज रही थी। पालकी राधा कृष्ण मंदिर, मंदिर वाली गली, सनातन मंदिर, सनातन श्याम मंदिर, मुकुट का मंदिर होते हुए ठाकुरद्वारा मंदिर पर सम्पन्न हुई।

मंदिर के पुजारी का पटका और गीता प्रेस की डायरी देकर सम्मान किया गया। रास्ते में लोगों को गोले-मिश्री का प्रसाद वितरित किया गया। पालकी यात्रा का समापन ठाकुरद्वारा मंदिर में आरती के साथ किया गया। आरती के पश्चात भंडारा सभी भक्तों को कराया गया। यात्रा में पंकज रस्तोगी, ओमकार भाई, रजत मेहरोत्रा, पंकज रस्तोगी, मुदित अग्रवाल, मोहित अग्रवाल, करण, हर्षित भटनागर, अंकित, भावना, अंशिका, पूजा शर्मा, शैफाली, प्रतीक पंडित, निशव शर्मा, सौरभ शर्मा, ज्ञान गुप्ता, मन्नू साई, ऋषभ पंडित, शुभम, विवेक आदि सेकड़ों लोग मौजूद रहे।

### युवक को रंजिशन पीटने में चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**रामपुर, अमृत विचार :** रंजिश के चलते युवक को पीटकर घायल करने के मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर चार लोगों पर रिपोर्ट दर्ज करने के बाद मामले की जांच शुरू कर दी है।

मिलकखानम थाना क्षेत्र के गांव माटखेड़ा निवासी जाकिर का कहना है कि 26 दिसंबर को पास में स्थित एक दुकान पर खड़ा था। इस दौरान कुछ लोगों ने उसके पास पाकर गाली-गलौच करते हुए पीट दिया।

शोर मचाने पर आसपास के लोग आ गए। तब आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए।

इस मामले में तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी मुज्जमिल, शाकिर, राशिद, इमरान के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इसके बाद मामले की जांच शुरू कर दी है।



रथयात्रा में शामिल पूर्व मंत्री शिव बहादुर सक्सेना एवं संजय गुप्ता। ● अमृत विचार

# सिविल लाइन क्षेत्र में महासंघ ने निकाली श्रीराम रथ यात्रा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** विश्व हिंदू महासंघ जिला इकाई ने अयोध्या में होने वाली प्राण प्रतिष्ठा समारोह के उपलक्ष्य में रविवार को श्रीराम रथ यात्रा निकाली। इसका आगाज सूर्य प्रकाश पाल ने दीप प्रज्ज्वलित करके किया। रथ यात्रा पर जगह-जगह भक्तों ने पुष्प वर्षा की। सुरक्षा के लिहाज से पुलिस बल तैनात रहा।

शोभायात्रा में सांसद घनश्याम सिंह लोधी, विधायक आकाश सक्सेना, अभय गुप्ता पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष ने श्रीराम रथ यात्रा का फूलों से स्वागत कराया। रथ यात्रा विश्व हिंदू महासंघ जिला कार्यालय से शुरू होकर राम रहीम पुल, कृष्णा मंदिर, ज्वालानगर से गुजरी। शिव बहादुर सक्सेना ने यात्रा का समापन किया। इसमें संदीप अग्रवाल सोनी राष्ट्रीय अध्यक्ष उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल, जिला महामंत्री विपिन कुमार सिंह, नगर महामंत्री विकास गुप्ता, जिला मंत्री कपिल शर्मा, बाबा रामदास धर्माचार्य प्रकोष्ठ अध्यक्ष, एवं महिला मात्र शक्ति तथा विश्व हिंदू महासंघ के मुख्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# मसवासी में श्री राम प्राण प्रतिष्ठा की संध्या पर कार्यक्रमों की धूम रहेगी

संवाददाता, मसवासी

**अमृत विचार :** अयोध्या में भगवान श्री राम के मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर नगर भी रंग बिरंगी झालरों से सज गया है। प्राण प्रतिष्ठा को लेकर नगर के सर्वहितकारी इंटर कॉलेज में 22 जनवरी की शाम को कार्यक्रम प्रस्तावित है। इसकी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर मसवासी में भी उत्साह है। पूनम दीदी के कार्यक्रम को लेकर मसवासी को मुरादाबाद चौराहे से लेकर सजाया गया है। जगह-जगह झालर और बैनर लगाए गए। श्री राम लिखे झंडों से नगर पट गया है। संध्या कार्यक्रम का आगाज मंडलायुक्त करेंगे। इसके बाद ही भजन कीर्तन होगा। इसके लिए सर्वहितकारी इंटर कॉलेज को रंग बिरंगी झालरों से सजाया गया है। मुख्य द्वार पर भी कार्यक्रम और अतिथियों के झंडे-बैनर लगाए गए हैं। उधर कस्बे में भी घरों पर जगह-जगह भगवा रंग के झंडे लगाए गए हैं। सब तरफ माहौल भगवामय हो गया है। नगर पंचायत अध्यक्ष दिनेश गोयल और उनके समर्थक कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जुट गए हैं। मसवासी चौराहे से कस्बे को जाने वाली सड़क के दोनों और सफाई कराई जा रही है। रंग-बिरंगी झालर से बिजली के खंभों को सजाया जा रहा है। कार्यक्रम को लेकर क्षेत्र में काफी उत्साह है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए नगर क्षेत्र में प्रतिदिन वाहन से प्रचार भी कराया जा रहा है।




मसवासी के सर्वहितकारी इंटर कॉलेज का सजा द्वार। ● अमृत विचार

▸▸ पूनम दीदी बहाएंगी अपने भजनों की रसधार

### पालिका क्षेत्र के पार्कों की सुधरेगी हालत : सना

**रामपुर, अमृत विचार :** पालिकाध्यक्ष सना खानम ने कहा कि नगर पालिका परिषद क्षेत्र के अधिकतर पार्कों की हालत काफी खराब है। किसी के झूले तो किसी में रैलिंग तो किसी में फिसलन खराब पड़ी हुई है। यह बात जब उजागर हुई थी जब पालिकाध्यक्ष ने पार्कों का निरीक्षण किया था।

पार्कों की हालत सुधारने को लेकर पालिकाध्यक्ष सना खानम ने बताया कि संबंधित विभाग से पार्कों की सूची मांगी है। कहा कि मरम्मत, रंग-रोगन, स्वच्छ पानी और प्रकाश व्यवस्था संवारने का कार्य किया जाएगा। जिन पार्कों में झूले टूटे पड़े हैं उन सब को सही कराया जाएगा। इसके अलावा पार्कों के गेटों की हालत सुधारी जाएगी। पालिकाध्यक्ष के निर्देश मिलते ही संबंधित विभाग के अधिकारी तैयारियों में जुट गए हैं।

# अशोक रावत अध्यक्ष, गुलशन कुमार मंत्री

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** रविवार को बेसिक टीचर्स वेलफेयर एसोसिएशन की ब्लॉक चमरौआ इकाई की कार्यकारिणी का गठन हुआ। इसमें अशोक कुमार रावत को ब्लॉकाध्यक्ष, गुलशन कुमार को ब्लॉक मंत्री, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सिद्धार्थ सिंह गौतम को बनाया गया। ओम प्रकाश सिंह को संरक्षक, ब्लॉक महिला उपाध्यक्ष रामवती देवी एवं शकुंतला आर्य को बनाया गया। जसवंत कौर को संगठन मंत्री तथा सुनीता को मीडिया प्रभारी बनाया गया है।

एससी-एसटी बेसिक टीचर्स वेलफेयर एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष राम बहादुर गौतम ने कहा कि हमें सरकार की शिक्षण संवर्धन संबंधित योजनाओं का क्रियान्वयन योजनानुसार करना है। किसी भी शिक्षक का शोषण नहीं होने दिया जाएगा। इस अवसर पर वीर सिंह जिला संरक्षक, सुनील कुमार जिला महामंत्री, आसाराम सागर जिला उपाध्यक्ष, प्रसन्न प्रकाश जिला मंत्री, कोषाध्यक्ष रमेशपाल सिंह, जिला ऑडिटर जंग बहादुर, जिला उपाध्यक्ष जबर सिंह, विजय कुमार, मुकेश कुमार, नरेश कुमार, सुरेंद्र सिंह, प्रेमचंद, डा. ज्ञान प्रकाश गौतम, दिनेश कुमार, अशोक कुमार, जयपाल सिंह, मुनेंद्र प्रताप सिंह, अशोक बाबू, प्रवेश कुमार चंचल, रघुनाथ सिंह प्रभाकर, अनिल कुमार, प्रेमपाल सिंह, सरदीप गौतम, कन्हैया लाल आदि मौजूद रहे।



नये पदाधिकारियों के साथ मौजूद शिक्षक। ● अमृत विचार

▸▸ बेसिक टीचर्स वेलफेयर एसोसिएशन ने चमरौआ की कार्यकारिणी का किया गठन

### श्री शिव मंदिर में नौ कुंडीय यज्ञ हुआ

**रामपुर, अमृत विचार :** अयोध्या में भगवान श्री राम के मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा उत्सव कार्यक्रम के चलते रविवार को श्री शिव मंदिर शिव विहार कॉलोनी में ज्वाला नगर में 16 जनवरी से सात दिवसीय कार्यक्रम चल रहा है। इसमें रविवार को अखंड रामायण पाठ के साथ नौ कुंडीय यज्ञ हुआ। 22 जनवरी को अष्ट जाम यज्ञ, विश्राम भजन-कीर्तन के साथ मंदिर परिसर में राम जन्मभूमि का सीधा प्रसारण किया जाएगा। इसके पश्चात भगवान की आरती कर प्रसाद वितरण किया जाएगा। इसके साथ ही प्रतिदिन मंदिर में भगवान शिव और श्री राम का पूजन पंडित विनोद पाठक द्वारा कराया गया। इस मौके पर पंडित विनोद पाठक, मुकुंद पाठक, प्रमोद पाठक, सुमित, अर्जुन, अनमोल, गोलू, रवि, नमन और शुभम आदि मौजूद रहे।



सुंदरकांड पाठ के दौरान मौजूद भक्त। ● अमृत विचार

# महालक्ष्मी मंदिर में सुंदर कांड का पाठ आयोजन

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** चाह सोतियान स्थित महालक्ष्मी मंदिर में एकादशी पर विशेष रूप से श्रीराम स्थापना महोत्सव के मौके पर सुंदरकांड का पाठ हुआ। पंडित विश्वनाथ प्रसाद मिश्रा के साथ अनेक भक्त शमिल हुए। इनमें सुधीर सरन कपूर सपरिवार शामिल हुए। इसके अलावा सुधा पांडेय, प्रीति कपूर, मंजू शर्मा, पंडित सौरभ पाण्डेय, पंडित कृष्णा पाण्डेय, राममिलन, सरिता अग्रवाल, रचना अग्रवाल, अन्नू शर्मा, विवेक शर्मा, अनेकों भक्त सहयोगी रहे। प्रार्थना करते हुए सभी को सुख शांति समृद्धि की कामना की।

### दंपती को पीटने में पति पत्नी के खिलाफ रिपोर्ट

**रामपुर, अमृत विचार :** मामूली बात को लेकर दंपती को पीटकर घायल कर दिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने पति-पत्नी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

मिलकखानम थाना क्षेत्र के गांव महूनागर निवासी जाहिद खां का कहना है कि दो जनवरी को वह अपनी पत्नी नरगिस के साथ अपने घर महुनागर गया था। वहां भाई शाहिद व उसकी पत्नी शिफतिया बेगम ने दंपती के साथ गाली-गलौच कर दी। विरोध करने आरोपी ने महिला के पैर में ईंट मारकर घायल कर दिया। उसके शोर मचाने पर आसपास के लोग आ गए। घायल महिला को अस्पताल में भर्ती कराया। बाद में तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी शाहिद खां व उसकी पत्नी शिफतिया बेगम के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली।

## खेतीबाड़ी

### गेहूं, आलू, राई, सरसों, मटर की फसलों में फफूंद जनित हो सकते हैं रोग

# तापमान में कमी व नमी से रबी की फसलों को खतरा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** तापमान में गिरावट और आद्रता में बढ़ोत्तरी से रबी की फसलों पर खतरा मंडराने लगा है। गेहूं, आलू, राई, सरसों और मटर की फसलों में फफूंद जनित रोग हो सकते हैं। किसान रबी की फसलों की निगरानी करते रहें। रोग लगने पर फसल बर्बाद हो सकती है। जिला कृषि अधिकारी नरेंद्र पाल बताते हैं कि फसलों पर कीट और रोग के लक्षण दिखाई देने पर तत्काल उपचार करें।

जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि गेहूं की पीली गेरुई रोग में सर्वप्रथम पीली रंग की धारी दिखाई देती है। रोग के लक्षण मुख्यतः ऊपरी पत्तियों पर कभी-कभी अत्याधिक प्रकोप की दशा में पर्ण कंचुल (लीफ शीथ) पर भी दिखाई देते हैं। इन पत्तियों को हाथ से छूने पर उंगलियों पर पीले रंग का पाउडर लग जाता है। प्रकोप की दशा में पौधे कमजोर व अल्पविकसित होते हैं। इससे बालियां छोटी व दाने सिकुड़ जाते हैं। यह रोग हवा द्वारा फैलता है।

जिला कृषि अधिकारी नरेंद्र पाल ने बताया कि पीली गेरुई रोग के नियंत्रण के लिए तराई एवं निचले क्षेत्रों में आने वाले जनपदों में गेहूं की पीली गेरुई अवरोधी प्रजातियों की बुआई करनी चाहिए। गेहूं की फसल की नियमित निगरानी करनी चाहिए। रोग के लक्षण दिखाई देने पर प्रोपिकोनाजोल-25 प्रति ईसी 500 मिली हेक्टेयर की दर से 400-500 लीटर पानी में घोलकर छिड़काव करें।

### आलू में झुलसा रोग होने पर करें यह उपाय

जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि आलू में झुलसा रोग के नियंत्रण के लिए जिनेब 75 प्रति डब्ल्यूपी 2 किग्रा अथवा कॉपर आक्सीक्लोराइड 50 प्रति डब्ल्यूपी की 2.5 किग्रा की मात्रा प्रति हेक्टेयर की दर से 500-600 लीटर पानी में घोलकर करें। राई, सरसों की फसल में माहू कीट का शिशु एवं प्रौढ़ पौधों के कोमल तनें, पत्तियों, फूलों तथा नई कलियों के रस चूसकर कमजोर कर देते हैं। राई, सरसों की फसल में माहू कीट के नियंत्रण के लिए एजाडिरैक्टिन 0.15 प्रति ईसी की 2.5 लीटर मात्रा 400 - 500 लीटर पानी में घोलकर छिड़काव करें। कीट की सघनता के अनुसार 10-15 ऐलो स्टिकी ट्रेप प्रति हेक्टयर की दर से प्रयोग करें। रसायनिक नियंत्रणके लिए डायोमिथोएट 30 प्रति, ऑक्साडेमेटान-मिथाइल 25 प्रति और क्लोरोपाइराफॉस 20 प्रति ईसी की 1 लीटर मात्रा 600-750 लीटर पानी में घोलकर छिड़काव करें। उन्होंने बताया कि बुकनी रोग लगने पर मटर की पत्तियों, तने व फलियों पर सफेद रंग का चूर्ण जैसा फैलता है। बाद में पत्तियां ब्राउन व काली होकर मरने लगती हैं। इससे उपज पर भारी प्रभाव पड़ता है। बुकनी रोग नियंत्रण के लिए एक ही खेत में बार-बार मटर की बुआई न करें। बुकनी रोग नियंत्रण के लिए जिनेब 75 प्रति डब्ल्यू पी 2 किग्रा अथवा कॉपर आक्सीक्लोराइड 50 प्रति डब्ल्यूपी 3 किग्रा की मात्रा प्रति हेक्टर की दर से 500-600 लीटर पानी में मिलाकर छिड़काव करें।

### आद्रता 80 के पार होने पर आलू में लगता है झुलसा रोग

जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि आलू की फसल में झुलसा रोग लगने पर निचली एवं पुरानी पत्तियों पर छोटे अंडाकार भूरे रंग के धब्बे दिखाई देते हैं। इसका प्रभाव पत्तियों एवं कन्द पर पड़ता है। प्रभावित कन्दों में धब्बे के नीचे भूरा एवं शुष्क दिखाई देता है। पिछैती फसल में झुलसा आलू में लगने वाली भयानक बीमारी है। इसका प्रकोप पत्तियों, तनों एव कन्दों पर होता है। बदलीयुक्त मौसम 10 डिग्री से 20 डिग्री सेन्टीग्रेड तापमान एवं 80 प्रतिशत से अधिक आर्द्रता की दशा में इस बीमारी की संभावना बढ़ जाती है।



थाने का निरीक्षण करते एएसपी।

### एएसपी ने किया सैफनी थाने का निरीक्षण

**रामपुर, अमृत विचार :** अपर पुलिस अधीक्षक अतुल कुमार श्रीवास्तव ने क्षेत्राधिकारी शाहबाद के साथ रविवार को सैफनी थाने का निरीक्षण किया। इस दौरान थाना कार्यालय पर बने अपराध रजिस्टर, त्योहार रजिस्टर, विवेचना रजिस्टर, डयूटी रजिस्टर आदि अभिलेख एवं उनके रख-रखाव को चेक किया। इसके अलावा इनमें अंकित की जाने वाली प्रविष्टयों को भी देखा। थाना परिसर में बने बैरक, मालखाना, कंप्यूटर रूम, आगन्तुक कक्ष, महिला हेल्प डेस्क, साइबर हेल्प डेस्क तथा साफ-सफाई को चेक कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी
अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
मुरादाबाद संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm /1000 with GST
साइज -------10cmX8cm /1500 with GST
साइज -------15cmX8cm /2000 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
कार्यालय :-
एलआईजी-23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड, मुरादाबाद
सम्पर्क सूत्र: 7417134445, 9536644295



# श्रीरामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के अवसर पर आप सभी को हार्दिक बधाई



## श्रद्धावनतः आई.आई.ए. रामपुर चैप्टर एवं रामपुर मैंथा इण्डस्ट्रीज एसोसिएशन




INDIAN INDUSTRIES ASSOCIATION




हर घर श्रीराम ज्योति जलायें

अयोध्या भव्य राम मंदिर में श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह 22 जनवरी 2024

की आप सभी राम भक्तों को हार्दिक शुभकामनाएं




एस.के. गुप्ता
Past Chairman


विपिन गुप्ता
Chairman


श्रीष गुप्ता
Secretary


रमेश अग्रवाल


मनोज गर्ग
Senior Vice Chairman


अमृत कपूर
President, Mentha Ass.


नीरज अग्रवाल


दीपक गोयल


मुकुल अग्रवाल


संजय अग्रवाल


उमेश अग्रवाल


संजय गुप्ता


मनोज गुप्ता


अंकुर रस्तौगी

## अयोध्या में श्री श्रीराम मन्दिर प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर समस्त नगर क्षेत्रवासियों को नगर पालिका परिषद मिलक (रामपुर) की ओर से हार्दिक शुभकामनाए



01- श्रीमती वीरवती (सदस्य वार्ड नं0 01)
02-श्रीमती सुनीता देवी (सदस्य वार्ड नं0 02)
03- श्री जयकीरत (सदस्य वार्ड नं0 03)
04 - श्री शिवा (सदस्य वार्ड नं0 04)
05 - श्री आसिम रजा खां (सदस्य वार्ड नं0 05)
06 - श्री गोपेश्वर कुमार (सदस्य वार्ड नं0 06)
07 - श्री प्रखर वशिष्ठ (सदस्य वार्ड नं0 07)
08- श्री आसिफ (सदस्य वार्ड नं0 08)
09- श्री हरीश बाबू (सदस्य वार्ड नं0 09)
10- श्रीमती कृष्णा देवी (सदस्य वार्ड नं0 10)
11- श्रीमती शिवकुमारी राठौर (सदस्य वार्ड नं0 11)
12- श्रीमती रेशमा (सदस्य वार्ड नं0 12)
13- श्री भगवानदास (सदस्य वार्ड नं0 13)
14- श्रीमती मुन्नी (सदस्य वार्ड नं0 14)
15- श्री अमरजीत सिंह (सदस्य वार्ड नं0 15)
16- श्री जलज गुप्ता (सदस्य वार्ड नं0 16)
17- श्रीमती रेशमा बी (सदस्य वार्ड नं0 17)
18- श्री विजय कुमार (सदस्य वार्ड नं0 18)
19- श्रीमती शहनाज (सदस्य वार्ड नं0 19)
20- श्री आसिफ (सदस्य वार्ड नं0 20)
21- श्री नाजिम खां (सदस्य वार्ड नं0 21)
22- श्रीमती कमलेश (सदस्य वार्ड नं0 22)
23- श्रीमती आसिया (सदस्य वार्ड नं0 23)
24- श्री लक्ष्यवीर (सदस्य वार्ड नं0 24)
25- श्री विक्की रूहेला (सदस्य वार्ड नं0 25)



दीक्षा गंगवार
अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद
मिलक (रामपुर)

## एक नजर

### लोगों को घर-घर जाकर बांटे गए दीपक

**रामपुर, अमृत विचार :** 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हर घर में दिया जलाने का आह्वान किया है। इसी के चलते राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी के निर्देश पर दिये बांटे जा रहे हैं। अल्पसंख्यक मोर्चा भाजपा के राष्ट्रीय सह मीडिया प्रभारी फैसल मुमताज ने रविवार को कई मुहल्लों में दीपक बांटे। इसमें राजद्वारा, खुर्म वाली जियारत, मिसटन गंज आदि मुहल्लों में लोगों के घरों पर जाकर दीपक दिए गए।

### अयोध्या भेजी गई फारसी रचित रामायण

**रामपुर, अमृत विचार :** भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा के दौरान रजा लाइब्रेरी से अयोध्या के लिए सुमेर चंद की सोने के पानी से लिखी गई रामायण भेजी गई है। शहर विधायक के प्रतिनिधि प्रमोद लोधी ने बताया कि भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर रामपुर से रामायण भेजी गई है। ईरान के दौरे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फारसी में लिखी गई यह रामायण और हजरत अली के हाथ का लिखे कुरआन मजीद की प्रतिलिपि ईरान के राष्ट्रपति को उपहार स्वरूप भेंट की थीं।

# 98 करोड़ से सुधरेगी बिजली व्यवस्था

## लाइनों में रोज-रोज के फाल्ट से उपभोक्ताओं को मिलेगी निजात

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** केंद्र सरकार की ओर से दिए गए 98 करोड़ रुपये से जनपद में कराए जा रहे बिजली सुधार के कार्य शहरी क्षेत्र में शुरू करा दिए गए हैं। अभी सिविल लाइंस के पुराना रोडवेज बस स्टैंड वाले क्षेत्र में एबीसी केबल बदलने का कार्य आरंभ कराया गया है। सुधार कार्य पूरे होने पर शहर की चार लाख की आबादी को निर्बाध रूप से बिजली आपूर्ति मिल सकेगी।

बिजली घरों, ट्रांसफार्मर की क्षमता वृद्धि, क्षतिग्रस्त केबल बदलने, खंभे बदलने जैसे कार्य अभी मिलक, शाहबाद, बिलासपुर, स्वार डिवीजनों में कराए जा रहे थे। लेकिन अब यहीं कार्य शहर में भी शुरू हो गए हैं। कई टीमें शहरी क्षेत्र में लगाई गई है। जो विभिन्न क्षेत्रों में जर्जर लाइनों को बदलने का कार्य कर रहीं हैं।



कचहरी रोड परजर्जर केबल को बदलते कर्मचारी। ● अमृत विचार

**▸▸ जनपद की सभी तहसीलों में कार्य कराया जा रहा है कार्य**

इसी क्रम में रविवार को पुरानी आवास विकास गंगापुर, स्टार चौराहा, कचहरी रोड, सिविल लाइंस से शाहबाद गेट जाने वाले मार्ग, जेल रोड, पीपल वाला घेर, बिलासपुर गेट क्षेत्र में एबीसी केबल उतारकर उनके स्थान पर नई तार डाली है।

नवाबगेट डिवीजन के उच्च अधिकारियों ने बताया कि कार्यदायी संस्था के लोग जल्दी से कार्य पूर्ण कराने के लिए तेजी से काम कर रहे हैं। इसका उपभोक्ताओं को लाभ मिलेगा। आपूर्ति बेहतर होगी।

### सांसद की नाराजगी के बाद कार्य में आई तेजी

पिछले दिनों विकास भवन में विकास कार्यों को लेकर सांसद घनश्याम सिंह लोधी की अधिकारियों के संग बैठक हुई थी। इसमें जनप्रतिनिधियों ने शिकायत की थी कि जर्जर लाइनों का तार काटकर अधिकारियों, ठेकेदार की मिलीभगत से अवैध रूप से कालोनियों में प्रयोग किया जा रहा है। इस पर सांसद ने नाराजगी जताई थी। तब जिलाधिकारी रविंद्र कुमार मांदड़ ने भी बिजली निगम के अधिकारियों को आड़े हाथ लेते हुए रोक लगाने और ऐसा करने वालों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। इससे बिजली सुधार के कार्यों में तेजी दिखाई देनी लगी।

> जनपद की बिजली सुधार के लिए कार्यदायी संस्था एनसीसी कंपनी द्वारा कराया जा रहा है। जर्जर केबल, पुराने पोलों को बदला जा रहा है। ताकि उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो। कार्यों में तेजी लाने के संबंधित कंपनी के ठेकेदार को जल्द ही कार्यों को पूरा करने के निर्देश दिए हैं।
>
> **-वीके आर्या,** अधीक्षण अभियंता, मालगोदाम

# धूमधाम से निकली श्रीराम रथ यात्रा

संवाददाता, सैफनी

**अमृत विचार:** नगर में अयोध्या में होने वाले राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर राम भक्तों में जोश दिखा।

रविवार सुबह भक्तों ने मंदिर एवं घरों को फूल मालाओं से सजाया और रास्तों में भगवा झंडे लगाए। कई दिनों से माता बेला भवानी मंदिर पर पूजा का कार्यक्रम चल रहा है। प्राण प्रतिष्ठा के एक दिन पूर्व रविवार को नगर में राम भक्तों ने रामचंद्र की शोभायात्रा नगर के जनता इंटर कॉलेज से होते हुए शिवाला मंदिर और जाटव मुहल्ला से छतौनी रोड से निकाली गई।

यात्रा में डीजे के साथ नगर में निकली कलश यात्रा के दौरान राम भक्त आतिशबाजी कर रहे थे। भजन कीर्तन गाते हुए शोभायात्रा माता बेला भवानी मंदिर पर समाप्त की। इस मौके पर विकास जोशी, विशालवीर तूफानी, रामवीर जोशी पेंटर, अमर सिंह जोशी, फौजी सुशील जोशी, ब्रजेश जोशी, भीम जोशी, सुंदर पांडे, सैफनी थाना पुलिस बल के साथ मौजूद रहा।


शोभायात्रा में शामिल श्रीराम, हनुमान और माता सीता की झांकी। ● अमृत विचार

### दीयों से लिखा गया जय श्रीराम

**रामपुर, अमृत विचार :** आवास विकास कालोनी में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की पूर्व संध्या पर दीयों से जय श्री राम लिखा गया। एक घंटे तक कीर्तन भी किया गया। इस मौके पर विकास सिंह, नीतू सिंह, डॉक्टर शीनू जैन, समीर जोशी, राहुल जैन, अनुराग जैन, हंसिका, अनंग, अन्वी, दक्ष, राघव, माधव आदि उपस्थित रहे। बच्चों ने भाव विभोर होकर भक्ति में नृत्य किया व भजन भी गए।


नगर की आवास कालोनी में दीयों से लिखा गया श्री राम।


ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी देते अधिकारी। ● अमृत विचार

# ग्रामीणों की दी योजनाओं की जानकारी

संवाददाता, पटवाई

**अमृत विचार :** रविवार को ग्राम्य विकास और पंचायती राज विभाग की तरफ से पटवाई में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन हुआ। इस दौरान अधिकारियों ने केंद्र सरकार की तरफ से संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी।

भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष सुरेश गंगवार ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का आगाज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 नवंबर को किया था। विकसित भारत संकल्प यात्रा का केवल एक ही संकल्प है कि गांव और शहरी क्षेत्रों में निवास करने वाले हर पात्र व्यक्ति को सरकार की योजनाओं से जोड़ा जाए। जो व्यक्ति इस योजना से जुड़े हैं उनके जीवन स्तर में किस तरह का सुधार हुआ है।

उसकी कहानी उनकी जुबानी ही सुनी जाए। इस दौरान ग्रामीणों ने केंद्र तथा प्रदेश सरकार की तरफ से संचालित योजना से संबंधित लगाए गए विभिन्न स्टालों को देखा और विभाग की तरफ से चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी ली। इस मौके पर जिला पंचायत राज अधिकारी, कर्मचारी, मंडल अध्यक्ष कुमरपाल यादव, महामंत्री राकेश गुप्ता, दिनेश कुमार पाल, सचिव इंतजार अली, प्रधान पुत्र जुनैद, सेक्टर संयोजक धर्मेंद्र यादव आदि मौजूद रहे।


त्रिपुरेश्वरी शक्तिपीठ में पूजा कराते डा. राधेश्याम वासंतेय। ● अमृत विचार


कर्मचारियों के साथ बैठक लेते चेयरमैन फैजान खान। ● अमृत विचार

# त्रिपुरेश्वरी शक्ति पीठ में हुआ रामायण का पाठ

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** मां श्री त्रिपुरेश्वरी शक्तिपीठ में महायोगी डा. राधेश्याम वासंतेय के तत्वावधान में प्रातः आठ बजे से अपराह्न दो बजे तक रामायण का पाठ हुआ। बड़ी संख्या में भक्तों ने प्रतिभाग कर रामायण पाठ का आनंद लिया। पाठ की समाप्ति के पश्चात प्रसाद ग्रहण किया। सोमवार को अयोध्या-धाम में संपन्न होने वाले भगवान श्री राम के प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए प्रभु श्री राम से प्रार्थना की। इसमें पंडित मदन मोहन, सुनीता सिंह सैनी, ज्योति शर्मा, सुनीता सिंह, निधि वर्मा, मुन्नी देवी गंगवार, राज सैनी, ओमपाल सिंह सैनी आदि भक्तों की उपस्थिति रही।

### मंदिरों की सफाई व्यवस्था का किया निरीक्षण

**सैफनी,अमृत विचार :** श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर नगर के चेयरमैन फैजान खान ने नगर पंचायत के कर्मचारियों के साथ बैठक की। इसमें नगर के सभी रास्तों की साफ-सफाई करने के निर्देश दिए। सभी वार्डों के रास्तों पर सफाई कर चूने से रास्तों को सजाया गया। चेयरमैन फैजान खान ने नगर पंचयात की टीम के साथ मंदिरों पर पहुंचकर सफाई व्यवस्था देखी। यात्रा के लिए नगर के रास्तों को दुल्हन की तरह सजाया गया।

# महिलाओं ने श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर कीं तैयारियां

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** अयोध्या में आज होने वाली भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर महिलाओं ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। सोमवार को घरों में महिलाओं द्वारा दिये जलाए जाएंगे। इसके अलावा आतिशबाजी भी की जाएगी। इतना ही नहीं लोगों ने घरों को झालरों से सजा दिया है। बस वह घड़ी आने का इंतजार कर रहे हैं।

अयोध्या में भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर कुछ घंटे बाकी रहे गए हैं। इसे लेकर लगाातार राम भक्तों में खुशी बढ़ती जा रही है। इतना ही नहीं महिलाओं ने भी पूर्व संध्या पर पूरी तैयारी कर ली है। बस उस घड़ी के आने का इंतजार किया जा रहा है। महिलाएं घरों में दिए जलाकर दिवाली मनाएंगी। इसके अलावा आतिशबाजी भी की जाएगी। इसे लेकर सभी ने तैयारियां कर ली है। मंदिरों को भी अच्छी तरह सजाया गया है।


मंदिर की सजावट देखने पहुंची महिलाएं।

### राम भक्तों ने लोगों को बांटे थे पूजित अक्षत

अयोध्या से लोगों के लिए पूजित अक्षत बांटने का अभियान चला था। इसमें रामभक्तों ने घर-घर जाकर लोगों को 22 जनवरी के लिए निमंत्रण पत्र भी दिया था। ताकि ज्यादा से ज्यादा संख्या में लोग वहां पहुंच सके। अक्षत बांटने का अभियान पूरे जिले में चला था।

# दो माह पहले हुई छह लाख रुपये की चोरी में पुलिस के हाथ खाली


कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** केमरी में करीब दो माह पहले चोर बिजली का करीब छह लाख रुपये कीमत का तार चोरी करके ले गए थे। इस मामले का पुलिस अभी तक खुलासा नहीं कर सकी है।

केमरी थाना क्षेत्र में पिछले दिनों तार बिछाने का काम हुआ था। इस दौरान पीलाखार डैम के पास स्थित शर्मा ढाबे के नजदीक से दो महीने पहले चोर करीब छह लाख रुपये का तार चुराकर ले गए थे। जानकारी मिलने के बाद ठेकेदार ने पुलिस को तहरीर दी थी। लेकिन पुलिस अभी तक इस घटना का खुलासा नहीं कर सकी है। हालांकि पुलिस लगातार खुलासा करने का दावा कर रही है।

क्षेत्र में लगातार चोरी की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। मसवासी में भी हुई चोरी की घटना का पुलिस अभी तक खुलासा नहीं कर सकी है।


झंडे और लाइटों से सजा टांडा। ● अमृत विचार


शांति व्यवस्था के मद्देनजर नगर में पैदल मार्च निकालती पुलिस। ● अमृत विचार

# भगवामय हुआ टांडा, शांति व्यवस्था के लिए पुलिस ने किया पैदल मार्च

संवाददाता, टांडा

**अमृत विचार :** अयोध्या धाम में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के दृष्टिगत रविवार को नगर पालिका ने मुख्य रामपुर तिराहे को भगवामय कर सौंदर्यीकरण किया। पुलिस ने शांति व्यवस्था के मद्देनजर पैदल मार्च निकाला।

नगर के मुख्य मार्ग के किनारों पर तिरंगा व भगवा झालर लगाई गई हैं। दढ़ियाल मार्ग स्थित विश्वनाथ मढ़ी मंदिर, कोतवाली परिसर में बने शिव मंदिर को पालिका ने सुंदर ढंग से सजाया है। राम भक्तों ने नवाबपुरा स्थित चामुंडा मंदिर, माता मंदिर, दुलीबाला, मरघटी, टन्डोला टन्डोली, गांव बादली स्थित श्री हनुमान मंदिर को बिजली की झालरों, व फूल मालाओं से सजाया गया। इसके अलावा धर्म से जुड़े लोगों ने अपने संस्थानों पर भी भगवा झंडे लगाये। घर की छतों पर भगवा झंडे लगाए गए।


सैजनी नानकार में सड़क पर फैला कूड़ा। ● अमृत विचार

# सैजनी नानकार में लगा गंदगी का ढेर, परेशानी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** ब्लॉक सैदनगर के गांव सैजनी नानकार में सफाई व्यवस्था ठीक नहीं है। यहां की गलियों, सड़कों किनारे कूड़े के ढेर लगे हैं। इन कूड़े के ढेरों से साफ अनुमान लगाया जा सकता है कि ग्राम पंचायत के जिम्मेदार साफ-सफाई के प्रति कितने जागरूक हैं। गांव की गलियों, सड़कों के किनारे फेंके गए कचरे का सही समय पर उठान नहीं हो रहा है। कूड़े के कारण संक्रामक रोगों का खतरा बढ़ रहा है।


ग्राम पंचायत सैजनी नानकार निवासी तौसीफ अहमद का कहना है कि गांव में सफाई कर्मचारी सिर्फ खानापूर्ति कर रहे हैं। इसके चलते गांव में जगह-जगह कूडे. के ढेर लगे हुए हैं। इसके बारे में ग्राम प्रधान को भी बताया जा चुका है लेकिन स्थिति जस की तस है। उन्होंने ब्लाक अधिकारियों, कर्मचारियों को चेतावनी दी कि यदि जल्द ही साफ-सफाई नहीं कराई गई तो कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया जाएगा।




श्रीरामलला के प्राण प्रतिष्ठा
समारोह के अवसर पर
आप सभी को हार्दिक बधाई


जय श्री राम
समस्त देशवासियों को
राम मंदिर
प्राण प्रतिष्ठा शुभारंभ
की हार्दिक बधाई एवं ढेर सारी
शुभकामनाएं
सुनीता सिंह
मंडल अध्यक्ष
मंडल महामंत्री
भाजपा कार्यकर्ता
मंडल मंत्री
सुनीता सिंह सैनी
प्रदेश कार्य समिति सदस्य
पारुल अग्रवाल
जिला अध्यक्ष
सौजन्य से:-
मंडल अध्यक्ष सिविल लाइंस (महिला मोर्चा) रामपुर


22 जनवरी 2024
अयोध्या में प्रभु राम के भव्य
प्राण प्रतिष्ठा समारोह
की
हार्दिक शुभकामनाएं
आकाश सक्सैना
नगर विधायक, रामपुर
पीयूष कुमार


अधिवक्ता परिषद-ब्रज प्रदेश (रामपुर इकाई)
की ओर से अयोध्या में
श्री राम जन्मभूमि पर बने भव्य मंदिर में
श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा
के पावन अवसर पर
सभी रामभक्तों को
हार्दिक
शुभकामनाएं
एड जितेंद्र प्रधान
अध्यक्ष
अधिवक्ता परिषद
एड हेमंत जोशी
महामंत्री
अधिवक्ता परिषद
अंजू सिंह एडवोकेट
एडीजीसी क्रिमिनल
सदस्य
शिवेंद्र कुमार
एडवोकेट
सदस्य
एड अशोक कुमार
पूर्व महासचिव
बार एसोसिएशन
सदस्य
भीकम सिंह
एडवोकेट
सदस्य


श्रीराम राम रामेति रमे रामे मनोरमे ।
सहस्रनाम तत्तुल्यं रामनाम वरानने ॥
श्री रामोत्सव
(प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव)
एतिहासिक दिन श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव पर मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम के आदर्शो का संकल्प लेते हुये दीपकों की भीड़ में एक दीप ऐसा प्रज्ज्वलित करें जो हमारे जीवन में खुशियों के अनगिनत भण्डार भर दे। प्रभू श्री राम से यही कामना है।
आपको, आपके परिवार एवं इष्ट मित्रों को
श्री राम-प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव की
शुभकामनायें
कपिल आर्य
प्रान्तीय महामंत्री
अनिल अग्रवाल
जिला अध्यक्ष
नवीन भाटिया
नगर अध्यक्ष (युवा)
विपुल गुप्ता
जिला अध्यक्ष (युवा)
कमल रस्तोगी
नगर अध्यक्ष
उ0प्र0 उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल (पंजी0)


श्रीरामलला के प्राण प्रतिष्ठा
समारोह के अवसर पर
आप सभी को हार्दिक बधाई


अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि पर
बने भव्य मंदिर में श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के
पावन अवसर पर सभी रामभक्तों को
हार्दिक शुभकामनाएं
वीरेन्द्र यादव
कार्यकर्ता भाजपा
कैम्प कार्यालय/आवासः ग्राम व पोस्ट असमोली, सम्भल, मो.- 9837078899
निवेदकः- वीरेन्द्र यादव, भाजपा कार्यकर्ता, 08 लोकसभा क्षेत्र सम्भल


अपना घर व मन्दिर सजायें
प्रभु श्रीराम के आगमन पर
दीपावली मनायें
अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि पर भव्य मन्दिर में
श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा
के पावन अवसर पर सभी रामभक्तों को हार्दिक शुभकामनाएं
राजेश सिंघल
क्षेत्रीय उपाध्यक्ष
भारतीय जनता पार्टी, पश्चिमी उ0प्र0
मुकेश सिंघल
अध्यक्ष
नकुल प्रताप सिंह
महामंत्री
विपिन गुप्ता
उपाध्यक्ष
सौजन्य से - ईंट निर्माता समिति, जनपद-सम्भल
चौ0 हरेन्द्र सिंह
जिलाध्यक्ष
भारतीय जनता पार्टी, जनपद-सम्भल

# हर ओर राम नाम का उल्लास, भगवा रंग में रंगा महानगर

## आज घरों और मंदिरों में मनाएंगे दीपोत्सव, तैयारियां पूरी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** पीतलनगरी राम की आस्था के रंग में सराबोर है। महानगर पर भगवा रंग चढ़ गया है। हर ओर बस राम आएंगे की धुन है। सोमवार को अयोध्या में होने वाले प्रभु श्रीराम के नव विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा की शुभ घड़ी की प्रतीक्षा पूरी होने वाली है। अब चंद घंटे का इंतजार रह गया है। महानगर में ढोल नगाड़ों की थाप पर राम के भजनों में लोग डूबे रहेंगे। दीपोत्सव मनेगा।

मेरी झोपड़ी के भाग आज जग जाएंगे, राम आएंगे.. गीत के रंग में लोग डूब गए हैं। हर कोई बस उस शुभ घड़ी की प्रतीक्षा बेसब्री से कर रहा है जब रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होगी। जिसके बाद महानगर रामोत्सव के रंग में डूब जाएगा। मंदिरों, घरों में दीपोत्सव मनाने की तैयारी को अंतिम रूप दिया गया। ढोल नगाड़ों की थाप पर अयोध्या में प्रभु श्रीराम के नव विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा होने के समय महानगर में उल्लास दिखेगा। वहीं रामोत्सव का रंग न सिर्फ घरों व निजी प्रतिष्ठानों पर है। बल्कि सरकारी भवनों व सरकारी अस्पताल को भी सतरंगी झालरों से सजाया गया है। जिला अस्पताल की ओपीडी ब्लॉक को सतरंगी झालर से जगमग कर दिया गया है।



रामगंगा विहार प्रथम में कुछ इस तरह सजाया कॉलोनी का मुख्य द्वार। ● अमृत विचार

### ... प्राण-प्रतिष्ठा राम की देख हुआ जग धन्य

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** आदर्श कला संगम की ओर से रविवार को दिव्य सरस्वती इंटर कॉलेज में ''शब्द शब्द राम'' शीर्षक से काव्य-संध्या का आयोजन किया गया। रचनाकारों ने भगवान श्रीराम की भक्ति से सराबोर करती हुई रचनाएं प्रस्तुत कीं। डॉ. पूनम बंसल ने मां सरस्वती की वंदना की। वरिष्ठ साहित्यकार योगेन्द्र वर्मा व्योम ने जीवन का सौभाग्य तो इससे बड़ा न अन्य, प्राण-प्रतिष्ठा राम की देख हुआ जग धन्य से माहौल को राममय कर दिया। राजीव प्रखर ने जग के माया-जाल से अब मुझको क्या काम, मेरा दीपक जल उठा रामलला के नाम। युवा कवि मयंक शर्मा ने कर पूर्ण प्रण वनवास का लौटे प्रभु निज धाम, महकी अवध की हर दिशा गुंजित हुआ एक नाम सुनाया। डॉ. अर्चना गुप्ता ने प्रभु श्रीराम की महिमा का बखान बना है राम का मंदिर, मीनाक्षी ठाकुर ने हे राम, श्रीकृष्ण शुक्ल ने घर घर में हिंदुत्व जगेगा, अनहद राम नाम का गूंजेगा सुनाया। डॉ. मनोज रस्तोगी ने वर्षों की प्रतीक्षा के बाद शुभ घड़ी है आई, अयोध्या में राम मंदिर का स्वप्न हुआ साकार, डॉ. प्रेमवती उपाध्याय ने राम का मन्दिर बना, साकार सपना हो गया और डॉ. अजय अनुपम ने राम हमारे शुभ-सम्बल हैं सुनाया। अध्यक्षता अनिल कुमार सिंह ने की। मुख्य अतिथि भाजपा नेता डॉ. केके मिश्रा रहे।

### रामभक्तों ने निकाली प्रभातफेरी, गूंजे जयकारे

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** सोमवार को अयोध्या श्रीराम मंदिर में भगवान रामचंद्र की प्राण प्रतिष्ठा की खुशी में पंडित दीनदयाल उपाध्याय पार्क से प्रभातफेरी निकाली गई। जिसमें श्रीराम भक्तों ने सैकड़ों की संख्या में हिस्सा लिया। प्रभातफेरी सी ब्लॉक से होकर बी ब्लॉक, साईं मंदिर रोड, सी ब्लॉक प्रथम, ए ब्लॉक, अवंतिका रोड होते हुए पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी पार्क पर वापस आकर समाप्त हुई। जय श्रीराम के जयघोष से पूरा वातावरण राममय हो गया। प्रभात फेरी का जगह-जगह राम भक्तों ने पुष्प वर्षा कर और प्रसाद वितरण कर स्वागत किया। इस दौरान एके अग्रवाल, संजय धवन, संजय शंखधार, राजीव गुप्ता, मनोज अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

### रामगंगा विहार में 201 महिलाओं ने निकाली कलश यात्रा

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** रामगंगा विहार स्थित ओम शिव हरी मनोकामना मंदिर की ओर से अयोध्या में नवनिर्मित भव्य श्री राम मंदिर में श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में 201 महिलाओं ने भव्य कलश यात्रा मंदिर परिसर से निकाली। इसके बाद भव्य रामलीला मंचन मंदिर प्रांगण में हुआ। ओम शिव हरि मनोकामना मंदिर में पंडित हरिश्चंद्र जोशी ने विधि विधान से कलश पूजन संपन्न कराया। इसके बाद पीतांबर वस्त्रों में 201 महिलाएं अपने सिर पर कलश रखकर गाजे बाजे के साथ निकली। कलश यात्रा में राम दरबार, बैंड बाजे, ढोल नगाड़े व डीजे शामिल था। रामलीला का मंचन वरिष्ठ कलाकार विपिन भटनागर के नेतृत्व में संपन्न हुआ। जिसमें सीता स्वयंवर, लक्ष्मण-परशुराम संवाद, बाणासुर-रावण संवाद, धनुष यज्ञ आदि प्रसंगों की प्रस्तुति हुई।


मनोकामना मंदिर से श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में निकली कलश यात्रा।

### सजे बाजार और कॉलोनियां

महानगर प्रभु श्रीराम के स्वागत के लिए पूरी तरह तैयार है। हर और राम नाम का उल्लास है। कॉलोनियों से लेकर गांव तक भगवा रंग में डूबे हैं। घरों व वाहनों पर भगवा झंडे देखने को मिल रहे हैं। सोमवार के दिन को ऐतिहासिक बनाने की तैयारी है। एक बार फिर राम नाम को घर-घर तक पहुंचाने की तैयारी है। सोमवार को पूरे महानगर में राम उत्सव मनाया जाएगा। शाम को इस साल की पहली दिवाली मनाने को लेकर लोग उत्साहित हैं।

### राममंदिर का मॉडल बनाया

महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज के छात्रों ने रविवार को राम मंदिर व श्री राम का चित्र बनाकर 500 सालों के बाद मिले ऐतिहासिक अवसर को याद किया। मेजर राजीव ढल ने कहा यह हमारे जीवन में यह सौभाग्य प्राप्त हुआ है कि हम अयोध्या में राम मंदिर में श्रीराम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा होते देख रहे हैं। श्रीराम मंदिर और श्रीराम का चित्र बनाकर सिद्धार्थ, योगेश, रितिक, अहम, आशीष कुमार आदि ने खुशी जताई। इसमें राजपाल सिंह व संजय का भी विशेष योगदान रहा।

### नगर विधायक ने बांटे झंडे

रामपुर रोड पर नगर विधायक रितेश कुमार गुप्ता आदि ने श्री राम के झंडे का वितरण किया। इस दौरान कमल गुलाटी, राजीव गुलाटी, राजीव अग्रवाल, मानिक गुलाटी, शिवम, नितिन, रतन, कल्लू सिंह आदि राम भक्त मौजूद रहे।


श्रीराम चौक का लोकार्पण करते जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह व अन्य। ● अमृत विचार

## श्रीराम चौक का लोकार्पण, तीर कमान का लोगों में रहा आकर्षण

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** महानगर में कर्त्तव्य समर्पण समिति द्वारा श्रीराम को समर्पित श्रीराम चौक का लोकार्पण जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह ने नारियल फोड़कर किया। समिति के सदस्य प्राणित गुप्ता ने कहा कि सोमवार को प्रभु श्रीराम के बाल रूप नूतन विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा के क्रम में यह आयोजन किया गया।

समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि सोमवार का दिन बहुत सौभाग्य का दिन है। हिंदू समाज के लिए यह गौरवशाली क्षण हैं जिसकी कई सौ वर्षों से प्रतीक्षा थी। ज्यादा से ज्यादा संख्या में दीपक जलाकर दीपावली मनाकर अपने घर को सजाएं। इस मौके पर समिति के सदस्य नमन जैन, साकार भटनागर, अर्पित मिश्रा, संघ के प्रचारक मनीराम, वतन कुमार, रोहित, सिटी मजिस्ट्रेट किंशुक श्रीवास्तव, विहिप के डॉ. राजकमल गुप्ता, सुरेंद्र पाल, विनीत, पवन जैन आदि रहे।

### किन्नरों को भी बांटे अक्षत

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** श्रीराम मंदिर में नव विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण पत्र और पूजित अक्षत का वितरण श्रीराम तीर्थ क्षेत्र समिति के कार्यकर्ता हर वर्ग हर घर तक पहुंचा रहे हैं। कार्यकर्ताओं ने किन्नरों को भी अक्षत प्रदान किए। असह रानी, मोनिका, बिल्लु तिवारी आदि किन्नरों ने अक्षत प्राप्त करने पर हर्ष जताया। वरिष्ठ कार्यकर्ता सुरेन्द्रपाल सिंह ने कहा कि यह हमारी सनातन प्रतिष्ठा की पुर्नस्थापना का अवसर है। इस दौरान पवन कुमार जैन, गौरव अग्रवाल, महेश चंद, शरद जैन, डॉ. महेन्द्र सिंह, अनुज गुप्ता आदि उपस्थित थे।

## दो घरों में लूटपाट, विरोध पर दो भाइयों को गोली मारी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** शनिवार की रात करीब 12.30 बजे के दौरान कटघर थाना क्षेत्र में मछरिया मार्ग पर हृदयपुर गांव में आठ बदमाशों ने शस्त्रों के बल पर दो घरों में लूटपाट की। पीड़ित शाहरुख का कहना है कि बदमाशों ने पहले अबरार के घर लूटपाट की। इसके बाद बदमाश उनके घर में घुस गए। लूट का विरोध करने पर बदमाशों ने उसके भाई गुलफाम और रिजवान को गोली मार दी। जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

शाहरुख ने बताया कि बदमाशों ने पहले गुलफाम को जगाने का प्रयास किया तो वह भी जग गया। उसे बंदूक-राइफल की बट से जमकर पीटा। गुलफाम के शोर मचाने पर बदमाशों ने उसे गोली मार दी। जो उसके सीने में लगी। वह जिला अस्पताल में भर्ती है। दोनों भाइयों ने बदमाशों के कहने पर बड़े भाई रिजवान के कमरे दरवाजा खुल बाया। तीनों भाइयों को मारपीट कर घर में रखे 50,000 रुपये और जेवर लूट लिए। शाहरुख ने बताया कि उसकी बहन का अगले महीने निकाह होने वाला है। दो दिन पहले ही बहन के लिए 3,00,000 रुपये का जेवर खरीदा है। रिजवान की पत्नी आमरीन का भी 2.5 लाख का जेवर भी रखा था जो बदमाश लूट ले गए। बड़े भाई रिजवान के पेट में और गुलफाम के सीने पर गोली लगी तो घर में सभी रो रहे थे। शोर सुनकर गांव के लोगों के ललकारने पर बदमाश असलहा लहराते हुए भाग गए। शाहरुख की तहरीर पर पुलिस ने लूट की रिपोर्ट दर्ज की है। कटघर थानाध्यक्ष तेजवीर सिंह ने बताया कि घटना की जांच कर आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

> हृदयपुर गांव रामगंगा नदी के किनारे पर है। घटनास्थल का निरीक्षण किया गया है। बदमाश नदी की तरफ से आए और शाहरुख के घर में घुस गए थे। शाहरुख व उसके भाइयों की बदमाशों से झड़प हुई। इसी बीच बदमाश ने तमंचे से फायर कर दिया। गोली रिजवान के पेट में लगी है व गुलफाम के सीने को छूकर निकल गई है। इनके पड़ोस के घर में भी यह बदमाश घुसे थे। इन घरों में फोरेंसिक टीम ने घटना के साक्ष्य एकत्र किए हैं। अपराधियों को पकड़ने के लिए पुलिस की चार टीमें लगाई हैं।
> – हेमराज मीना, एसएसपी


परीक्षा देकर केंद्र से बाहर आते परीक्षार्थी। ● अमृत विचार

## ढाई हजार से अधिक ने छोड़ी सीटेट

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की ओर से केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा (सीटेट) रविवार को 30 केंद्रों पर संपन्न हुई। पहली और दूसरी पाली में 19,778 अभ्यर्थी पंजीकृत थे। दोनों ही पालियों में ढाई हजार से अधिक अभ्यर्थी नदारद रहे।

परीक्षा के बाद केंद्र से बाहर आए अभ्यर्थियों के चेहरे खिले नजर आए। हालांकि विज्ञान के कुछ प्रश्नों ने उलझाया। सवाल इस तरह से पूछे गए कि उन्हें समझने में समय लगा। पिछले दो सालों के पेपर से भी कुछ प्रश्न दिखे। केंद्रों पर मुख्य गेट से लेकर परीक्षा कक्ष तक तीन जगह तलाशी की व्यवस्था रही। शौचालयों पर भी निगाह रखी गई। सीसीटीवी की निगरानी में परीक्षा संपन्न हुई।

## चौकी इंचार्ज की कार पलटी, बचीं

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** सिविल लाइंस थाना क्षेत्र की रामगंगा विहार पुलिस चौकी की प्रभारी राजविंदर कौर शनिवार देर रात कार दुर्घटना में घायल हो गईं। जिला अस्पताल में प्रारंभिक उपचार के बाद उन्हें घर भेज दिया। रात 12.30 बजे के दौरान कार से जा रही चौकी इंचार्ज के सामने मोती महल की ओर से एक अन्य कार आ रही थी। इसे पास देने और साइकिल सवार को बचाने के प्रयास में उनकी कार डिवाइडर से टकराकर पलट गई। कार के एयर बैग खुलने से उनको अधिक चोट नहीं आई। मौके पर थानाध्यक्ष राम प्रसाद शर्मा, सीओ अर्पित कपूर मौके पर पहुंचे और उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया।



## एक नजर

### विधायक ने मां चामुंडा मंदिर में की सफाई

**हसनपुर, अमृत विचार** : रविवार को शक्तिपीठ मां चामुंडा मंदिर में विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी ने कार्यकर्ताओं के साथ सफाई की। विधायक ने कहा कि स्वच्छ तीर्थ अभियान के तहत मां चामुंडा मंदिर में सेवा करने का मौका प्राप्त हुआ है। विधायक ने नगर वासियों से भी सफाई रखने का आह्वान किया।

### श्रद्धालुओं ने पूरी कीं उत्सव की तैयारियां

**मुबारिजपुर, अमृत विचार** : रविवार को राम भक्तों ने दढ़ियाल आदमपुर व मुबारिजपुर समूह में कई जगह राम के भजन गाए। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर गांवों, कस्बे व शहर के भक्त खुशी जाहिर कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि 500 वर्षों तक इंतजार के बाद अब मंदिर निर्माण हो रहा है। हमारे यहां भी प्राण प्रतिष्ठा के दिन भजन, कीर्तन और दिवाली मनाई जाएगी।

### कस्बे में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर उत्साह

**डिडौली, अमृत विचार** : सोमवार को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर कस्बे में खुशी एवं उल्लास है। रविवार को पूरा दिन सभी लोग तैयारी करते नजर आए। क्षेत्र में कई दिनों से मंदिरों व घरों में सुंदरकांड के पाठ के साथ जगह-जगह भगवान श्रीराम के भजन सुनाई दे रहे हैं। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को दिवाली का रूप देने के लिए दीपक, मोमबत्ती, एवं पटाखों खरीदारी हो रही है और गली मोहल्ले से निकलने वाली झांकियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

### बाइक की टक्कर से ट्रक चालक की मौत


**अमरोहा, अमृत विचार** : हरियाणा के करनाल जिले के 58 वर्षीय निवासी चंबा सिंह ट्रक चालक थे। शुक्रवार रात चंबा सिंह मुरादाबाद से ट्रक में माल लेकर दिल्ली जा रहे थे। शुक्रवार रात में जब वह रजबपुर थाना क्षेत्र में हाईवे स्थित पुलिस चौकी के सामने पहुंचे तो होटल के पास ट्रक खड़ा कर हाईवे की ओर गए। इसी दौरान बाइक ने चंबा सिंह को टक्कर मार दी। चंबा सिंह को पुलिस ने जोया सीएचसी में भर्ती कराया। बाद में चंबा सिंह के परिजन अस्पताल पहुंचे और उन्हें करनाल ले गए। शनिवार सुबह इलाज के दौरान चंबा सिंह की मौत हो गई। सीओ सिटी अरुण कुमार सिंह ने बताया कि मृतक के बेटे गुरुदेव सिंह की तहरीर पर बाइक चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।



शोभायात्रा में प्रस्तुति देते कलाकार। ● अमृत विचार




शोभायात्रा में शामिल डॉ. हरि सिंह ढिल्लो व अन्य। ● अमृत विचार



हसनपुर में शोभायात्रा में शामिल विधायक व अन्य। ● अमृत विचार

# शोभायात्रा में भगवान श्रीराम की जयकार

## सुंदर झांकियों ने लोगों को किया मंत्रमुग्ध, निजी स्कूल के छात्रों ने रामभजनों की धुनें बजाईं

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार** : श्री धार्मिक रामलीला कमेटी के तत्वावधान में शहर में श्रीराम शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा का लोगों ने जगह-जगह स्वागत किया। इस दौरान माहौल राममय हो गया।

भगवान श्रीराम की आरती के पश्चात शोभायात्रा बड़ा बाजार स्थित श्रीबाबा गंगा के मंदिर से कोतवाली, बाजार गंज, सर्राफ बाजार, शफातपोता, बेगम सराय, कोट चौराहा होते हुए रियासत मंदिर मोहल्ला कोट में समाप्त हुई। भगवान श्रीराम की आरती में मुख्य अतिथि जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी, पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह रहे। शोभायात्रा में सर्वप्रथम गोपाल बैंड, गणेश भगवान की झांकी, ब्लू वर्ल्ड इंटरनेशनल स्कूल के 50 बच्चे भजनों की धुन बजाते हुए निकले। उसके पश्चात गुरुकुल कन्या महाविद्यालय चोटीपुरा की प्रबंधक डॉ. सुमेधा के नेतृत्व में 120 ब्रह्मचरणीय पंक्तिबद्ध होकर भगवान श्रीराम का उद्घोष करते हुए व रामकथा सुनाते हुए सम्मिलित रहीं। इसके बाद हनुमान जी वानर सेना व अयोध्यावासियों के साथ राम मंदिर अयोध्या की झांकी पर नृत्य करते हुए निकले। इसके पीछे अयोध्या में बने राम मंदिर के माडल व आकर्षक झांकी थी। शोभायात्रा का जगह जगह स्वागत हुआ। जिससे पूरा शहर राममय नजर आया और राम की भक्ति से सराबोर हो गया। शोभायात्रा में आर्य समाज मंदिर, प्रबंध समिति बाबा गंगा नाथ मंदिर, रामायण संकीर्तन मंडल, समिति रियासत मंदिर, श्री धार्मिक रामडोल कमेटी, श्री वासुदेव तीर्थ प्रबंध समिति, रामानुज कोट मंदिर प्रबंध समिति कटरा, वैश्य समाज उत्तर प्रदेश, अग्रवाल समाज, पंजाबी समाज, सर्राफा एसोसिएशन व जैन समाज ने स्वागत किया। इस दौरान एडीएम सुरेंद्र सिंह, एएसपी राजीव कुमार सिंह, जिला प्रचारक अखिलेश, एमएलसी डॉ. हरि सिंह ढिल्लो, दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री ओमप्रकाश गोला, पूर्व सांसद देवेंद्र नागपाल, नगर पालिका शशि जैन, भाजपा जिलाध्यक्ष उदयगिरि गोस्वामी, रामलीला कमेटी के अध्यक्ष विशाल गोयल, महामंत्री शार्दुल अग्रवाल, कोषाध्यक्ष कुंवर विनीत अग्रवाल ब्रजेश चौधरी, विनय प्रकाश आर्य, वंश अग्रवाल, संजीव गोयल, संजीव सक्सेना, सुबोध रस्तोगी, अंश अग्रवाल, करण रघुवंशी व राघव नौटियाल रहे।

### शोभायात्रा में युवाओं ने लहराए झंडे

**आदमपुर, अमृत विचार** : रविवार को नगर में विशाल श्रीराम शोभायात्रा निकाली। श्रीराम शोभायात्रा शिव मंदिर से शुरू होकर बस स्टैंड, थाना चौराहा, लालबाग व जड़ मंडी मुख्य मार्केट होती हुई मंदिर पर सम्पन्न हुई। शोभायात्रा में हजारों लोग भगवा झंडा लहरा रहे थे तथा जय श्रीराम के जयकारे लगा रहे थे। इस मौके पर रमेश सिंह सैनी, धर्मवीर सिंह सैनी, सतीश अग्रवाल, मेघ सिंह, डॉ. ललतू सिंह, आकाश गोयल, गौरव कुमार, सुंदरपाल राणा, योगेश सैनी शामिल रहे।



आदमपुर में शोभायात्रा में झंडा लहराते जेसीबी पर बैठे युवा।

### पुष्पवर्षा कर किया स्वागत

**हसनपुर, अमृत विचार** : अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर नगर के मुख्य मार्गों पर भगवान श्रीराम की शोभायात्रा निकाली। शोभायात्रा में पुरुष एवं महिलाएं भगवा झंडा लेकर चल रहे थे। शोभायात्रा में भगवान राम से संबंधित झांकियां शामिल रहीं। शोभा यात्रा का नगर में पुष्पवर्षा कर स्वागत किया और आतिशबाजी की। भगवान श्रीराम की शोभायात्रा सरस्वती शिशु मंदिर से प्रारंभ होकर बाइपास होती हुई राजपूत कॉलोनी, आंबेडकर पार्क, वर्मा मार्केट, इंदिरा चौक, जनकपुरी, दरबार घास मंडी होती हुई रहरा बस स्टैंड पर पहुंचकर संपन्न हुई। शोभायात्रा का व्यापारियों एवं नगरवासियों ने पुष्पवर्षा की। शोभायात्रा की सुरक्षा के लिए एसडीएम पुष्कर नाथ चौधरी, पुलिस क्षेत्राधिकारी दीप कुमार पंत एवं प्रभारी निरीक्षक विनय कुमार मौजूद रहे। शोभायात्रा में विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी, पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी, चंद्रपाल सैनी, राजेंद्र खड़गवंशी, देवेंद्र खड़गवंशी, महेश खड़गवंशी, मयंक अग्रवाल, शिखर अग्रवाल, अंकुर अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल, अतुल अग्रवाल, रामवीर सिंह, मोहित अग्रवाल, पंकज भटनागर, मुकेश गुप्ता, सचिन गुप्ता, कालू उर्फ राकेश बंसल, रानू रस्तोगी समेत अन्य लोग शामिल रहे।

### हमारे रोम-रोम में बसे प्रभु श्रीराम : ओमकार

**गजरौला, अमृत विचार** : रविवार को जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों ने नगर में स्थित भगवान श्रीराम के मंदिर में दर्शन कर पूजा की। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ओमकार सिंह कटारिया ने कहा की प्रभु श्रीराम हमारे आराध्य हैं। भगवान राम के नाम पर राजनीति करना गलत है। धर्म और राजनीति में अंतर है। धर्म आस्था का प्रतीक है। धर्म को हमें निजी जिंदगी में उतारना चाहिए। हम सबको राम के चरित्र से सीख लेनी चाहिए। कुछ राजनीतिक दल राम के नाम पर राजनीति कर रहे हैं। भगवान के नाम पर लोगों को बांटने का काम कर रहे हैं। प्रभु श्रीराम सबके हैं और सब राम के हैं। उन्होंने कहा कि हम सब कांग्रेसजन जल्द ही अयोध्या में भगवान के दर्शन करने जाएंगे। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष जयपाल सिंह जाटव, कोषाध्यक्ष विनोद कुमार सक्सेना, उपाध्यक्ष ख्यालीराम राणा, मीडिया प्रभारी मनोज कटारिया व हरस्वरूप प्रधान शामिल रहे।



गजरौला के राम मंदिर में पूजा-अर्चना करते कांग्रेसी।

### चामुंडा देवी मंदिर में होगा प्राण प्रतिष्ठा का प्रसारण

**सैदनगली, अमृत विचार** : रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर बाजारों में रौनक है। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा सोमवार को होगी। सैदनगली नगर पंचायत अध्यक्ष डॉ. अनुकृति चौधरी ने बताया कि रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का सीधा प्रसारण चामुंडा देवी मंदिर पर होगा।

### कलेक्ट्रेट को सजाया

**अमरोहा, अमृत विचार** : रविवार को जिलाधिकारी के निर्देश पर 22 जनवरी को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा को लेकर कलेक्ट्रेट और विकास भवन को सजाया गया है। कलेक्ट्रेट और विकास भवन में लाइटों से तिरंगा बनाया गया है। जिलाधिकारी ने सभी नगर वासियों को 22 जनवरी को अपने घर को सजाने का अह्वान किया है।

## सार संक्षेप

### मंदबुद्धि युवक ने ईंट मारकर की पिता की हत्या

**नजीबाबाद, अमृत विचार** : मंडावली थाना क्षेत्र के ग्राम जटपुरा बोंडा निवासी युवक मिसम अब्बास रविवार सुबह छह बजे गांव के बस अड्डे पर पहुंचा। वहां उसने खुर्शीद चाय वाले की दुकान पर तोड़फोड़ और मारपीट की। दुकानदार खुर्शीद वहां से शोर मचाते हुए भाग गया। इसकी खबर मिसम अब्बास के पिता को मिली जिस पर वह वहां पहुंचे और युवक को फटकार लगाई। तभी युवक ने अपने पिता जामिन अली के सिर पर ईंट से वार कर दिया। इससे जामिन अली की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही मंडावली थानाध्यक्ष मौके पर पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने आरोपी मंदबुद्धि युवक मिसम को हिरासत में लिया है।

### भारतीय गोरक्षा वाहिनी के पदाधिकारियों का स्वागत

**बिजनौर, अमृत विचार** : स्याऊ तहसील चौराहा स्थित होटल में भारतीय गो रक्षा वाहिनी की बैठक हुई। बैठक में जिला अध्यक्ष विनोद शर्मा ने जिला उपाध्यक्ष पद पर हर्षित बहादुर आर्य तथा जिला कानूनी सलाहकार भीम सिंह तथा दाता राम शर्मा को विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष चांदपुर घोषित कर माल्यार्पण कर स्वागत किया। वहीं अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष सलीम अहमद ने भी बिजनौर नगर अध्यक्ष फहीम अहमद, मोहम्मद अमन को सदस्य, विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष बिजनौर ताजीमुद्दीन का माल्यार्पण कर मनोनयन पत्र सौंपा। अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष सलीम अहमद ने भी सभी कार्यकर्ताओं से गोवंश की रक्षा और सुरक्षा की शपथ दिलवाई। जिला महामंत्री डॉ. मुनेश चंद शर्मा तथा बहादुर शाह जफर, ठाकुर राय बहादुर आर्य ने पशुओं के अवशेषों को जमीन में दफनाने पर बल दिया।

### तीन चोर गिरफ्तार, चार बाइकें बरामद

**चांदपुर, अमृत विचार** : पुलिस ने बाइक चोर के गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने राहुल कुमार पुत्र सुनील सैनी निवासी मोहल्ला सराय रफी थाना चांदपुर, देव यादव पुत्र योगेश यादव निवासी ग्राम रोहनिया थाना चांदपुर, मुकुल पुत्र जय राम सिंह निवासी मोहल्ला सराय रफी चांदपुर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों से चोरी की चार बाइकें भी बरामद की हैं। थाना चांदपुर पुलिस ने बताया कि एक बाइक चोरी की रिपोर्ट तुषार भाटिया पुत्र संदीप भाटिया चांदपुर ने दर्ज कराई थी। जिसमें एक बरामद की गई है। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि सभी बाइकें साथी लवी पुत्र लेखराज ग्राम स्याऊ थाना चांदपुर तथा विकास पुत्र जयप्रकाश निवासी मोहल्ला चमन कस्बा चांदपुर के साथ मिलकर नूरपुर तथा चांदपुर से चोरी की हैं। चोरी की अन्य बाइकें लवी तथा विकास के पास हैं। थाना चांदपुर पुलिस इन दोनों की तलाश में लगी है।

### कब्रिस्तान की झाड़ियों में मिला गुलदार का शव

**शेरकोट, अमृत विचार** : मोहल्ला नौधना के पीर फाजुल्ला के कब्रिस्तान में झाड़ियों में गुलदार का शव मिला है। सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई। ग्रामीणों ने बताया कि मोहल्ला नौधना के कुछ लोग कब्रिस्तान की ओर से गुजर रहे थे। तभी उन्हें कब्रिस्तान की झाड़ियो में गुलदार का शव दिखाई दिया। जिसके बाद मौके पर भीड़ एकत्र हो गई। सूचना पर वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर गुलदार के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

### खेत में मिले गुलदार के तीन शावक

**धामपुर, अमृत विचार** : क्षेत्र के ग्राम पूरनपुर मिलक भज्जावाला मार्ग पर गुलदार के तीन शावक मिले हैं। शावकों को देखकर खेत पर काम कर रहे लोगों में हड़कंप मच गया। सूचना पाकर वन क्षेत्राधिकारी मौके पर पहुंचे। रविवार दोपहर करीब 12 बजे थाना क्षेत्र के ग्राम पूरनपुर मिलक-भज्जावाला मार्ग पर किसान मुस्तकीम, नीतू सिंह सहित कई महिलाएं खेत पर गन्ना छीलने का काम कर रहे थे। इसी दौरान लोगों को खेत में तीन शावक दिखाई दिए। तब ग्रामीणों ने वन विभाग के अधिकारियों को सूचना दी। ग्रामीणों ने वन विभाग से क्षेत्र में शीघ्र ही पिंजरा लगाने की मांग की है।



गुलदार के तीन शावक मिले।

### दिनभर छाया रहा कोहरा, न्यूनतम तापमान 3.9 डिग्री

**नगीना, अमृत विचार** : जनपद में शीतलहर के चलते रविवार सुबह सवा सात बजे न्यूनतम तापमान 3 .9 डिग्री तथा आद्रता 92 प्रतिशत, अधिकतम तापमान दोपहर सवा दो बजे पर 8 .6 डिग्री सेल्सियस तथा आद्रता 62 फीसदी दर्ज की गई। क्षेत्र में दिनभर कोहरा छाया रहा। शीतलहर के चलते लोग घरों में कैद रहे। नगर के सीएचसी प्रभारी डॉ. नवीन चौहान ने हृदय रोगियों तथा बुजुर्गों व बच्चों को बेवजह घरों से न निकलने की सलाह दी है और गर्म पानी पीने को कहा है। कृषि अनुसंधान केंद्र की मौसम वेधशाला के प्रेक्षक सतीश कुमार के मुताबिक उत्तराखंड के पहाड़ी इलाकों में शीतलहर चलने के कारण तथा मौसम में आद्रता बढ़ी रहने से हल्की बूंदाबांदी होने की संभावना है।

### सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत, तीन घायल

**नगीना, अमृत विचार** : देहात क्षेत्र में अनियंत्रित ट्रैक्टर-ट्राली ने चार लोगों को टक्कर मार दी। हादसे में पंकज, विशाल सहित चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। जहां कोटद्वार के अस्पताल में इलाज के दौरान विशाल की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा और ट्रैक्टर को कब्जे में लेकर चालक वीरेंद्र के खिलाफ केस दर्ज किया है। मामले में नजीबाबाद सीओ अनिल सिंह का कहना है कि साबूवाला निवासी वीरेंद्र ने ट्रैक्टर से चार लोगों को टक्कर मार दी। हादसे में सभी घायलों अस्पताल में भर्ती कराया। जहां एक व्यक्ति की कोटद्वार में मौत हो गई।

### सिलेंडर लीक होने से घर में लगी आग

**चांदपुर, अमृत विचार** : खाना बनाते समय सिलेंडर में आग लग गई। जिसमें घर में रखा सामान नष्ट हो गया। मशक्कत के बाद ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया गया। हादसे में मकान की दीवारों में भी दरार पड़ गई है। थाना चांदपुर क्षेत्र के ग्राम इस्माइलपुर निवासी खेमवती के घर में रविवार सुबह लगभग नौ बजे गैस सिलेंडर में आग लग गई। आग से कमरे में रखा सारा सामान जल गया। पड़ोसियों ने एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

### शिव मंदिर में बीडीओ ने कर्मचारियों संग किया कीर्तन

**मंडी धनौरा, अमृत विचार** : अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व क्षेत्र के गांव पत्थर कुटी स्थित प्राचीन शिव मंदिर में रविवार शाम खंड विकास अधिकारी विजय सक्सेना ने ब्लॉक कर्मचारियों संग मंदिर में भजन कीर्तन किया। उन्होंने सभी से अपील करते हुए कहा कि परस्पर मेलजोल और भाईचारे के साथ इस उत्सव को मनाएं। कोई भी ऐसा कार्य न करें, जिससे अप्रिय स्थिति उत्पन्न हो। उन्होंने कहा कि वे इसमें बढ़-चढ़कर हिस्सा लें। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी विजय सक्सेना सहित आदि मौजूद रहे।



गजरौला में रंगबिरंगी झालरों से सजा श्रीराम मंदिर। ● अमृत विचार

## 1008 दीयों से मनेगा उत्सव

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार** : सोमवार को अयोध्या के मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होगी। इसको लेकर युवाओं में भी खास उत्साह है।

शहर व ग्रामीण इलाकों में मोबाइल फोन पर श्रीराम भजन सुनने को मिल रहे हैं। स्थानीय लोग भी श्रीराम मंदिर में तैयारियां कर रहे हैं। नगर के नाईपुरा स्थित अयोध्या जैसे श्रीराम मंदिर को भी फूलों व बिजली की रंग-बिरंगी झालर की रोशनी से सजाया गया है। यहां सोमवार को 1008 दीपक रोशन किए जाएंगे। इसके अलावा श्रीराम मंदिर में श्रीराम भक्त अपने-अपने घरों से भी दिए लेकर आएंगे। युवा भी श्रीराम मंदिर में होने वाले धार्मिक कार्यक्रमों का लाभ उठाने के लिए श्रद्धालुओं से अपील भी कर रहे हैं।

## चोरियों का खुलासा, दो आरोपियों को भेजा जेल

**हसनपुर, अमृत विचार** : कोतवाली पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरियों का खुलासा किया है। पुलिस ने आरोपियों से बाइक, एक तमंचा और चोरी किए हुए 24,660 रुपए बरामद किए।

कोतवाली पुलिस ने तीन दुकानों में चोरियों का खुलासा कर दो आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर न्यायालय के समक्ष किया गया। जहां से दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया गया। प्रभारी निरीक्षक विनय कुमार ने बताया कि इमामुद्दीन निवासी थाना नखासा संभल को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया गया तथा दूसरे बदमाश बाबू पुत्र बन्ने निवासी चामुंडा रोड हसनपुर को भी गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया की इमामुद्दीन पर विभिन्न थानों में 10 मुकदमे एवं बब्बू पर नौ मुकदमे दर्ज हैं।

# पुलिस से मुठभेड़ में एक बदमाश घायल

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार** : कोतवाली पुलिस व बदमाशों की मुठभेड़ में गोली लगने से एक बदमाश घायल हो गया। जबकि दूसरा बदमाश अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया। पकड़े गए बदमाश ने नगर में हुई चोरियों की वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया है।

शनिवार रात पुलिस नगर के गजरौला मार्ग स्थित गांव आगापुर मार्ग पर वाहन चेकिंग कर रही थी। तभी गजरौला की दिशा से बाइक से दो लोग आ रहे थे। उन्हें पुलिस ने रोकने का इशारा किया तो वह भागने लगे। पुलिस टीम ने उनका पीछा किया तो उन्होंने पुलिस टीम पर फायर कर दिया और रामपुर भूड़ वाले मार्ग पर मुड़ गए। पुलिस पार्टी ने बदमाशों पर फायर किया तो गोली बदमाश के पैर में लग गई और वह घायल हो गया। दूसरा बदमाश अंधेरा का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया। पुलिस द्वारा दूसरे बदमाश को तलाशा जा रहा है। पकड़े गए बदमाश ने अपना नाम इमामुद्दीन निवासी संभल तथा फरार बदमाश का नाम बब्बू निवासी काला शहीद हसनपुर बताया। इमामुद्दीन ने नगर में हुई दोनों चोरी की वारदात में शामिल होना स्वीकार किया। पकड़े गए बदमाश के पास से एक बाइक, तमंचा, कारतूस, चोरी की नकदी एवं डीबीआर बरामद हुआ। पुलिस ने घायल बदमाश को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया, जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। मुठभेड़ की सूचना मिलते ही पुलिस क्षेत्र अधिकारी दीप कुमार पंत मौके पर पहुंचे और मौका मुआयना किया। इमामुद्दीन पर विभिन्न थानों में 10 से अधिक मुकदमे दर्ज हैं।



घटना स्थल पर जांच करती पुलिस। ● अमृत विचार

**▸▸ पकड़े गए बदमाश से नगर में हुई चोरियों का पर्दाफाश**

## पर्सनल लोन के नाम पर 49 हजार रुपये ठगे

**अमरोहा, अमृत विचार** : जोया टोल प्लाजा के मैनेजर धनाजी ज्ञानदेव डोंगरे ने दो दिन पहले मुद्रा लोन बैंक से पर्सनल लोन के लिए एप्लाई किया था। जिसके बाद बैंक की जानकारी भरने के लिए उनके व्हाट्सएप पर लिंक भेजा।

धनाजी ज्ञानदेव डोंगरे ने लिंक पर क्लिक करते हुए फॉर्म खोल लिया। इसी दौरान आई मोबाइल कॉल पर खुद को बैंककर्मी बताने वाले ने 100 रुपये फीस के साथ बैंक से जुड़ी जानकारी फार्म में भरने को कहा। लिंक पर मिले ओटीपी टाइप करते ही उनके बैंक खाते से 49 हजार रुपये निकल गए। रुपये निकलने का अलर्ट मैसेज मिलते ही धनाजी ज्ञानदेव डोंगरे के होश उड़ गए। उन्होंने एसपी कुंवर अनुपम सिंह को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की। एसपी के आदेश पर रजबपुर थाना पुलिस ने मोबाइल नंबर के आधार पर आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी व आईटी एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच साइबर सेल को दी है।

# सरस्वती शिशु मंदिर के विद्यार्थियों ने निकाली श्रीराम शोभायात्रा

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार** : अयोध्या में श्रीराम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से पहले नगर के सरस्वती शिशु मंदिर से शोभायात्रा निकाली।

स्थानीय श्रीअग्रबंधु विचार मंच, श्रीश्याम मित्र मंडल व श्रीझारखंडी महादेव सेवक संघ पदाधिकारियों के नेतृत्व में रविवार को सरस्वती शिशु मंदिर से शोभा यात्रा निकाली। इस दौरान पूर्व सांसद देवेंद्र नागपाल, कपिल सिंघल, डॉ. राजीव शुक्ला, वैभव गोयल, लकी शर्मा, अक्कू जिंदल, अमन बंसल, प्रमोद सिंघल, रामदास शर्मा, दिनेश सिंघल, राम निवास अग्रवाल, विनोद कुमार हीरा, अंकित अग्रवाल, आदित्य अग्रवाल, पंकज शर्मा, चंद्रपाल सिंह रहे। वहीं मोहल्ला मायापुरी स्थित चामुंडा मंदिर में आयोजित भगवान शिव परिवार के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में मुख्य यजमान महेंद्र सिंह प्रजापति रहे। इससे पूर्व शोभायात्रा भी निकाली। इस दौरान कृष्ण कुमार बंसल, चरण सिंह, सुनील वर्मा, दिनेश शर्मा, कमल अग्रवाल, प्रदीप गुप्ता, केशव गर्ग आदि रहे।

### मंदिरों में बजी रामधुन

**गजरौला, अमृत विचार** : स्थानीय मंदिरों में 22 जनवरी के आयोजन को लेकर तैयारियों में तेजी आई है। मंदिरों से जुड़े संगठन 22 जनवरी का दिन दीपावली की तरह मनाने की तैयारियों में जुटे हैं। शहर व ग्रामीण इलाकों तक मंदिरों को सजाया जा रहा है। 22 जनवरी को मंदिरों के अलावा घरों में भी दीप जलाने की तैयारी है। शहर के गंगा प्याऊ मंदिर के अलावा बस्ती मार्ग पर स्थित हनुमान मंदिर पर श्रीराम नाम के झंडे लगाए गए हैं। वहीं मंदिरों के लाउडस्पीकर से रामधुन बज रही है। माहौल भक्तिमयी बना है।

## कबूतर के विवाद में किसान पर फायर

**अमरोहा, अमृत विचार** : थाना रजबपुर क्षेत्र के गांव अतरासी कलां निवासी आस मोहम्मद का आरोप है कि शनिवार को वह घर के बाहर खड़े हुए थे। कबूतर के छत पर बैठने को लेकर चल रहे विवाद के बीच कलवा और निजामुद्दीन उर्फ मोना वहां आ गए और दोनों गाली गलौज करने लगे।

विरोध करने पर दोनों ने आस मोहम्मद पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। शोर सुनकर बचाव में आई बहन हिना के साथ भी आरोपियों ने मारपीट की। इसी बीच आरोपी कलुआ ने तमंचा से फायर कर दिया। आस मोहम्मद गोली से बाल-बाल बच गए। इसके बाद दोनों आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। सूचना मिलने पर गांव पहुंची पुलिस ने पड़ताल की। सीओ सिटी अरुण कुमार सिंह ने बताया कि मामले में आस मोहम्मद की तहरीर पर आरोपी कलुवा और निजामुद्दीन उर्फ मोना के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।



शोभायात्रा में शामिल झांकी। ● अमृत विचार

# शोभायात्रा का पुष्पवर्षा से स्वागत

संवाददाता, नगीना

**अमृत विचार** : आरएसएस, विहिप और हिंदू संगठनों के हजारों कार्यकर्ताओं ने नगर में श्रीराम ज्योति व आकर्षक झांकियों व बैंडबाजों के साथ श्रीराम शोभायात्रा निकाली।

रविवार दोपहर को 12 बजे धामपुर रोड श्रीरामलीला ग्राउंड से श्रीराम दरबार, श्रीराम ज्योति सहित आकर्षक झांकियों, बैंडबाजों व ढोल नगाड़ों के साथ श्रीराम शोभायात्रा शुरू हुई। इस अवसर पर विभाग प्रचारक मुकेश कुमार ने सनातन समाज के लोगों से घरों पर राम ज्योति जलाने का आह्वान किया। यात्रा में पंडित विपिन त्रिपाठी, दीपक कुमार, विपिन कुमार, अर्पित कुमार, संजय वर्मा, मोमराज सिंह, प्रदीप गर्ग, अनूप वाल्मीकि, नीरज विश्नोई, सुरेश राठौर, पूर्व विधायक सतीश गौतम, डॉ. भूपेश चौहान, कुंवर कृष्ण बलदेव सिंह, सचिन शर्मा, प्रहलाद कुशवाह, अमरजीत सिंह, रोशन लाल, विधायक ओम कुमार और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल व भाजपा सहित हिंदूवादी संगठनों के कार्यकर्ता व महिलाएं शामिल रहीं।

## छेड़खानी और धमकी देने में युवक का चालान

**बढ़ापुर, अमृत विचार** : थाना क्षेत्र के गांव निवासी महिला ने गांव के युवक के खिलाफ थाना बढ़ापुर में तहरीर दी थी कि गांव निवासी शानू पुत्र रमजानी कई माह से उसकी पुत्री से स्कूल जाते समय छेड़खानी करता था। आरोपी ने 20 जनवरी को घर में घुसकर पुत्री से अश्लील हरकतें कीं और शोर मचाने पर जान से मारने की धमकी भी दी। जिसके बाद महिला बेटी के साथ थाना बढ़ापुर पहुंची। पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज उसे गिरफ्तार कर लिया। रविवार को पुलिस ने आरोपी युवक का चालान कर दिया। युवक के परिजनों एवं ग्रामीणों ने बताया कि युवक को झूठे मामले में फंसाया गया है। थाना प्रभारी निरीक्षक कोमल सिंह ने बताया कि महिला की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर युवक को गिरफ्तार कर चालान किया है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

सम्बन्ध विच्छेद

मैंने अपने पुत्र प्रांजल से गलत व्यवहार के चलते सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में प्रांजल अपने कृत्यों के लिए स्वंय जिम्मेदार होगा। उसका मेरे अथवा मेरे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा।
सर्वेश कुमार पुत्र बलवीर
निवासी ग्राम बेगमपुर, थाना कांठ,
जनपद मुरादाबाद।

नाम परिवर्तन

मैंने अपना नाम SIRAJ AHMAD QARI से बदलकर SIRAJ AHMAD S/O ZAFAR AHMAD मोहल्ला मन्हारान टांडा रामपुर रख लिया अब मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाये।

